इस पुस्तिका में **64** मुद्रित पृष्ठ हैं ।
This booklet contains **64** printed pages.

# TAJ 19-II

**प्रश्न-पत्र II / PAPER II**

**मुख्य परीक्षा पुस्तिका / MAIN TEST BOOKLET**

**परीक्षा पुस्तिका संकेत**
**Test Booklet Code**

# W

**परीक्षा पुस्तिका संख्या**
**Test Booklet No.**

**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए ।**
**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें ।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है । जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें ।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** है एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं । कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है ।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें ।
4. इस पुस्तिका का **संकेत W** है । यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का संकेत, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे संकेत से मिलता है । यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं । अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षा शास्त्र | (प्रश्न सं. 1-30) |
| भाग-II | : गणित व विज्ञान | (प्रश्न सं. 31-90) |
| भाग-III | : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान | (प्रश्न सं. 31-90) |
| भाग-IV | : भाषा-I (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्रश्न सं. 91-120) |
| भाग-V | : भाषा-II (अंग्रेज़ी / हिन्दी) | (प्रश्न सं. 121-150) |

6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग-II (गणित व विज्ञान) **या** भाग-III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।
7. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं । इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं । **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं तो कृपया W कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए । जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए ।**
8. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो ।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें ।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें । अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें । उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है ।

## *INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES*

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page / marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **W.** Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carrying 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q. Nos. 1-30) |
| Part-II | : Mathematics and Science | (Q. Nos. 31-90) |
| Part-III | : Social Studies / Social Science | (Q. Nos. 31-90) |
| Part-IV | : Language-I (English/Hindi) | (Q. Nos. 91-120) |
| Part-V | : Language-II (English/Hindi) | (Q. Nos. 121-150) |

6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part-II (Mathematics and Science) **OR** from Part III (Social Studies/Social Science).
7. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi please ask for a Supplement Test Booklet of W Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.

परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) : ______________________
Name of the Candidate (in Capital Letters) :
अनुक्रमांक : (अंकों में) ______________________
Roll Number : in figures
: (शब्दों में) ______________________
: in words
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) : ______________________
Centre of Examination (in Capital Letters) :
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : ______________ निरीक्षक के हस्ताक्षर : ______________
Candidate's Signature : Invigilator's Signature :
Facsimile signature stamp of
Centre Superintendent ______________________

W

## PART – I / भाग – I
## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षा शास्त्र

***Directions :*** *Answer the following questions (Q. Nos. **1** to **30**) by selecting the **correct/most appropriate** options.*

**1. Read the following description and identify the stage of moral reasoning of Kohlberg.**
**Description :**
**Right action is defined by self-chosen ethical principles of conscience that are valid for all humanity, regardless of law and social agreement.**
(1) The instrumental purpose orientation
(2) The social - contract orientation
(3) The social - order maintaining orientation
(4) The universal ethical principle orientation

**2. One of the major accomplishments of concrete operational stage is**
(1) Animistic thinking
(2) Ability to conserve
(3) Hypothetic - deductive reasoning
(4) Secondary circular reactions

**3. Constructivists such as Jean Piaget and Lev Vygotsky view learning as**
(1) acquisition of skills
(2) conditioning of responses
(3) passive repetitive process
(4) process of meaning-making by active engagement

**4. Selecting and presenting stories and clippings from newspaper that portray both men and women in non-traditional roles is an effective strategy to**
(1) promote gender bias
(2) promote gender constancy
(3) encourage stereotypical gender roles
(4) counter gender stereotypes

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या **1** से **30**) के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे** उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**1. निम्नलिखित वर्णन को पढ़िए तथा कोहलबर्ग के नैतिक तर्क की अवस्था को पहचानिए ।**
**वर्णन :**
**अंतःकरण के स्व-चयनित नैतिक सिद्धांतों के द्वारा सही कार्य परिभाषित किया जाता है जो कानून एवं सामाजिक समझौते पर ध्यान दिए बिना सम्पूर्ण मानवता के लिए वैध होता है ।**
(1) यंत्रीय उद्देश्य अभिविन्यास
(2) सामाजिक – अनुबंधन अभिविन्यास
(3) सामाजिक – क्रम व्यवस्था अभिविन्यास
(4) सार्वभौम नैतिक सिद्धांत अभिविन्यास

**2. निम्नलिखित में से कौन सा मूर्त क्रियात्मक अवस्था के प्रमुख कौशलों में से एक है ?**
(1) सजीवात्मक चिंतन
(2) सुरक्षित रखने की योग्यता
(3) परिकल्पित निगमनात्मक तर्क
(4) द्वितीयक वर्तुल प्रतिक्रियाएँ

**3. जीन पियाजे एवं लेव वायगोट्स्की जैसे संरचनावादी अधिगम को किस रूप में देखते हैं ?**
(1) कौशलों का अर्जन
(2) प्रतिक्रियाओं का अनुबंधन
(3) निष्क्रिय आवृत्तीय प्रक्रिया
(4) सक्रिय विनियोजन से अर्थ-निर्माण की प्रक्रिया

**4. समाचार-पत्रों से कहानियों एवं कतरनों का चयन करना एवं प्रस्तुत करना जो पुरुष एवं महिलाओं दोनों को गैर-परम्परागत भूमिकाओं में चित्रित करते हैं, निम्नलिखित में से किसके लिए एक प्रभावी रणनीति है ?**
(1) लैंगिक/जेंडर पक्षपात को बढ़ाने के लिए ।
(2) लैंगिक/जेंडर स्थिरता को बढ़ाने के लिए ।
(3) रूढ़िवादी लैंगिक/जेंडर भूमिकाओं को प्रोत्साहन देने के लिए ।
(4) लैंगिक/जेंडर रूढ़ियों का सामना करने के लिए ।

**5. Which of the following play an important role in a child's socialization ?**

**(i) Media**

**(ii) School**

**(iii) Family**

**(iv) Neighbourhood**

(1) (iii), (i)

(2) (ii), (iii)

(3) (i), (iii), (iv)

(4) (i), (ii), (iii), (iv)

**6. As per Howard Gardner's theory of multiple intelligence, how would the intelligence of a person with the following characteristics be categorized ?**

**Characteristics :**

**"Ability to detect and respond appropriately to the moods, temperaments, motivations and, intentions of others."**

(1) Naturalistic

(2) Intrapersonal

(3) Interpersonal

(4) Therapeutic

**7. Which of the following should be the reasons for assessment of children ?**

**(i) To separate and label children into 'non-achievers', 'low-achievers', 'average' and 'high-achievers'.**

**(ii) To improve teaching-learning processes in the classroom.**

**(iii) To find out what changes and progress in learning that takes place in the child over a period of time.**

**(iv) To discuss the capabilities, potential, strengths and challenging areas of the child with the parents.**

(1) (i), (ii), (iii), (iv)

(2) (i), (ii), (iii)

(3) (ii), (iii), (iv)

(4) (ii), (iv)

5. निम्नलिखित में से कौन बच्चे के समाजीकरण में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं ?

(i) मीडिया

(ii) विद्यालय

(iii) परिवार

(iv) पास-पड़ोस

(1) (iii), (i)

(2) (ii), (iii)

(3) (i), (iii), (iv)

(4) (i), (ii), (iii), (iv)

6. हावर्ड गार्डनर के बहु-बुद्धि सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित विशेषताओं से युक्त एक व्यक्ति की बुद्धि को किस प्रकार से वर्गीकृत किया जा सकता है ?

विशेषताएँ :

"दूसरों की मनोदशा, स्वभाव, प्रेरणा तथा अभिप्राय को उचित तरीके से पता लगाने एवं प्रतिक्रिया करने की योग्यता"

(1) प्रकृतिवादी

(2) अंतरावैयक्तिक

(3) अंतर्वैयक्तिक

(4) नैदानिक

7. बच्चों के मूल्यांकन के लिए निम्नलिखित में से कौन से कारण होने चाहिए ?

(i) बच्चों को 'गैर-उपलब्धि वाले', 'निम्न-उपलब्धि वाले', 'औसत' एवं 'उच्च-उपलब्धि वाले' के रूप में अलग करना एवं नाम देना ।

(ii) कक्षा में शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में सुधार करना ।

(iii) समय के साथ बच्चों में होने वाले अधिगम परिवर्तनों एवं प्रगति के बारे में पता लगाना ।

(iv) बच्चे की क्षमताओं, संभावनाओं, सशक्त पक्षों एवं चुनौतीपूर्ण पक्षों के बारे में माता-पिता के साथ चर्चा करना ।

(1) (i), (ii), (iii), (iv)

(2) (i), (ii), (iii)

(3) (ii), (iii), (iv)

(4) (ii), (iv)

**8. Which of the following is central to the concept of progressive education ?**

(1) Textbook centric learning
(2) Belief in the capability and potential of every child
(3) Standard instruction and assessment
(4) Extrinsic motivation and uniform assessment parameters

**9. To understand individual differences in development it is important**

(1) to look at the inherited characteristics that give each person a special start in life.
(2) to look at the environmental factors that affect individuals.
(3) to consider maturation of the body and the brain.
(4) to consider both inherited characteristics as well as environmental factors and their interplay.

**10. Which of the following is not a principle of development ?**

(1) Individuals develop at different rates.
(2) Development is relatively orderly.
(3) Development takes place gradually over a period of time.
(4) Exact course and nature of development is determined at the time of birth itself.

**11. Several research studies show that teachers have more overall interaction with boys than girls. What is the correct explanation for this ?**

(1) Boys have much more academic capabilities than girls.
(2) Boys need more attention than girls.
(3) This is an example of gender bias in teaching.
(4) Boys are easier to manage than girls in the classroom.

**8. निम्नलिखित में से कौन सा प्रगतिशील शिक्षा की अवधारणा के बारे में प्रमुख है ?**

(1) पाठ्यपुस्तक केंद्रीय अधिगम
(2) प्रत्येक बच्चे की क्षमता एवं संभावना में विश्वास करना
(3) मानक निर्देश एवं मूल्यांकन
(4) बाह्य प्रेरणा तथा एकरूप मूल्यांकन मानदंड

**9. विकास में वैयक्तिक विभिन्नता को समझने के लिए क्या महत्त्वपूर्ण है ?**

(1) वंशागत विशेषताओं पर विचार करना जो प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में विशेष शुरुआत देती हैं ।
(2) पर्यावरणीय कारकों पर विचार करना जो लोगों को प्रभावित करते हैं ।
(3) शरीर एवं दिमाग के परिपक्वन पर विचार करना ।
(4) वंशागत विशेषताओं के साथ-साथ पर्यावरणीय कारकों एवं उनकी पारस्परिक क्रिया पर विचार करना ।

**10. निम्नलिखित में से कौन सा विकास का सिद्धांत नहीं है ?**

(1) व्यक्ति अलग-अलग गति से विकास करते हैं ।
(2) विकास तुलनात्मक रूप से क्रमिक होता है ।
(3) विकास समय के साथ धीरे-धीरे घटित होता है ।
(4) विकास की सटीक गति एवं प्रकृति जन्म के समय ही निर्धारित हो जाती है ।

**11. अनेक शोध अध्ययनों से पता चलता है कि शिक्षक लड़कियों की अपेक्षा लड़कों से अधिक पारस्परिक क्रिया करते हैं । इसका सही विवेचन क्या है ?**

(1) लड़कियों की तुलना में लड़कों में शैक्षिक क्षमताएँ काफी अधिक होती हैं ।
(2) लड़कियों की तुलना में लड़कों को अधिक अवधान की आवश्यकता होती है ।
(3) यह शिक्षण में लिंग पक्षपात का एक उदाहरण है ।
(4) कक्षा में लड़कियों की तुलना में लड़कों को अधिक आसानी से नियंत्रित किया जा सकता है ।

12. **The ability to come up with original and divergent solutions to a problem is a primary characteristic of**
    (1) Egocentric children
    (2) Impaired children
    (3) Creative children
    (4) Children with learning disability

13. **What instructional adaptations should a teacher make while working with students who are 'Visually Challenged' ?**
    (1) Speak clearly and use a lot of touch and feel materials.
    (2) Use a variety of visual presentations.
    (3) Orient herself so that the students can watch her closely.
    (4) Focus on a variety of written tasks especially worksheets.

14. **Co-operative learning and peer-tutoring _________ in an inclusive classroom.**
    (1) should be actively promoted
    (2) should be actively discouraged
    (3) should be occasionally used
    (4) should not be used

15. **Which of the following is most important in an inclusive classroom ?**
    (1) Uniform instruction
    (2) Standardized testing
    (3) Promoting competitive learning
    (4) Individualized education plan

16. **Which of the following is a correctly matched pair of learners and their primary characteristics ?**
    (1) Hearing impaired learners – Cannot comprehend visual information
    (2) 'Dyslexic' learners – Lack reading and writing fluency
    (3) Creative learners – Hyperactive; slow in completing work
    (4) Attention deficit learners – High motivation; can sustain attention for long periods of time.

12. **एक समस्या को मूल एवं अपसारी समाधानों के साथ करने की योग्यता निम्नलिखित में से किसकी एक प्राथमिक विशेषता है ?**
    (1) अहंकेंद्रित बच्चों की
    (2) क्षतिग्रस्त बच्चों की
    (3) सृजनात्मक बच्चों की
    (4) अधिगम अशक्तता वाले बच्चों की

13. **'दृश्य रूप से बाधित' विद्यार्थियों के साथ कार्य करते समय एक शिक्षक को किस प्रकार के अनुदेशन अनुकूलन करने चाहिए ?**
    (1) स्पष्ट रूप से बोलना तथा छूकर महसूस करने वाली सामग्रियों का अधिक मात्रा में प्रयोग करना ।
    (2) कई प्रकार की दृश्य प्रस्तुतियों का प्रयोग करना ।
    (3) स्वयं अभिविन्यास करना ताकि विद्यार्थी उसे ध्यान से देख सकें ।
    (4) अनेक प्रकार के लिखित कार्यों, विशेष रूप से वर्कशीटों पर ध्यान केंद्रित करना ।

14. **सहयोगात्मक अधिगम एवं हमउम्र साथियों के द्वारा शिक्षण का एक समावेशी कक्षा में किस प्रकार से उपयोग करना चाहिए ?**
    (1) सक्रिय रूप से आगे बढ़ाना चाहिए ।
    (2) सक्रिय रूप से हतोत्साहित करना चाहिए ।
    (3) कभी-कभी प्रयोग करना चाहिए ।
    (4) प्रयोग नहीं करना चाहिए ।

15. **निम्नलिखित में से कौन सा समावेशी कक्षा में सबसे अधिक महत्त्वपूर्ण है ?**
    (1) एकरूप निर्देश
    (2) मानकीकृत परीक्षण
    (3) प्रतियोगी अधिगम को बढ़ावा देना
    (4) विशिष्ट शिक्षा योजना

16. **अधिगमकर्त्ताओं एवं उनकी प्राथमिक विशेषताओं के मिलान युग्मों में से निम्नलिखित में से कौन सा सही है ?**
    (1) श्रव्य क्षतिग्रस्त अधिगमकर्त्ता – दृश्य सूचनाओं को समझ नहीं सकते हैं ।
    (2) 'पठन-अक्षमता' अधिगमकर्त्ता – धाराप्रवाह पढ़ने एवं लिखने में कमी है ।
    (3) सृजनात्मक अधिगमकर्त्ता – अतिसक्रिय; कार्य को पूरा करने में धीमे हैं ।
    (4) अवधानात्मक कमी अधिगमकर्त्ता – उच्च अभिप्रेरणा, लम्बे समय तक अवधान बनाए रख सकते हैं ।

**17. Which of the following does not result in meaningful facilitation of learning ?**

(1) Connecting new knowledge to pre-existing knowledge

(2) Promoting repetition and recall

(3) Use of examples and non-examples

(4) Encouraging multiple ways of looking at a problem

**18. Which of the following would not be consistent with a constructivist environment ?**

(1) Students are given frequent opportunities to engage in complex, meaningful, problem-based activities.

(2) Students work collaboratively and are given support to engage in task-oriented dialogue with each other.

(3) Teachers elicit students' ideas and experiences in relationship to key topics and plant teaching-learning to elaborate or restructure their current knowledge.

(4) Teachers employ specific end of the term assessment strategies and give feedback on products rather than processes.

**19. A teacher should encourage students to set _______________ rather than _______________.**

(1) learning goals; performance goals

(2) performance goals; learning goals

(3) failure avoiding goals; marks seeking goals

(4) marks seeking goals; failure avoiding goals

**17. निम्नलिखित में से कौन सा अधिगम के सार्थक सरलीकरण के रूप में परिणीत नहीं होता है ?**

(1) पहले से विद्यमान ज्ञान से नए ज्ञान को जोड़ना ।

(2) दोहराने एवं स्मरण करने को बढ़ावा देना ।

(3) उदाहरणों एवं गैर-उदाहरणों का प्रयोग करना ।

(4) एक समस्या पर अनेक तरीकों से विचार करने के लिए प्रोत्साहित करना ।

**18. निम्नलिखित में से कौन सा एक संरचनात्मक परिवेश के साथ अनुकूल नहीं हो सकता है ?**

(1) विद्यार्थियों को जटिल, सार्थक एवं समस्या-आधारित गतिविधियों में लगे रहने के लिए लगातार अवसर प्रदान किए जाते हैं ।

(2) विद्यार्थी सहयोगात्मक तरीके से कार्य करते हैं तथा आपस में कार्य-केंद्रित वार्ता में लगे रहने के लिए सहयोग दिया जाता है ।

(3) शिक्षक प्रमुख प्रकरणों के संबंध में विद्यार्थियों के विचारों एवं अनुभवों को प्राप्त करते हैं तथा उनके वर्तमान ज्ञान की पुनर्संरचना या विस्तृत करने के लिए शिक्षण-अधिगम की योजना बनाते हैं ।

(4) अध्यापक विशिष्ट सत्रावसान मूल्यांकन रणनीतियों को लागू करते हैं तथा प्रक्रियाओं के बजाय प्रदर्शन पर फीडबैक देते हैं ।

**19. एक शिक्षक को विद्यार्थियों को ____________ निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए बजाए ____________ के ।**

(1) अधिगम लक्ष्य; प्रदर्शन लक्ष्य

(2) प्रदर्शन लक्ष्य; अधिगम लक्ष्य

(3) असफलता से बचने के लिए लक्ष्य; अंक लेने के लिए लक्ष्य

(4) अंक लेने के लिए लक्ष्य; असफलता से बचने के लिए लक्ष्य

**20. Which of the following are examples of effective learning strategies ?**

**(i) Setting goals and time tables**

**(ii) Making organizational charts and concept maps**

**(iii) Thinking of examples and non-examples**

**(iv) Explaining to a peer**

**(v) Self-questioning**

(1) (i), (ii), (iii)

(2) (i), (iv), (v)

(3) (i), (ii), (iii), (v)

(4) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

**21. Which of these is an example of extrinsic motivation ?**

(1) "I enjoy doing my homework because it is so much fun."

(2) "I learn so much when I do my homework."

(3) "Doing homework makes me understand my concepts better."

(4) "I complete my homework because the teacher gives us marks for each assignment."

**22. In a primary classroom a teacher should**

(1) give only examples

(2) give only non-examples

(3) give both examples and non-examples

(4) not give any examples and non-examples

**23. Which of the following strategies would promote meaning-making in children ?**

(1) Exploration and discussion

(2) Transmission of information

(3) Using punitive measures

(4) Uniform and standardized testing

**20. निम्नलिखित में से कौन प्रभावी अधिगम रणनीतियों के उदाहरण हैं ?**

**(i) लक्ष्य एवं समय-सारिणी निर्धारित करना ।**

**(ii) संगठनात्मक चार्टों एवं अवधारणात्मक नक्शे बनाना ।**

**(iii) उदाहरणों एवं गैर-उदाहरणों के बारे में सोचना ।**

**(iv) हमउम्र साथी को समझाना ।**

**(v) स्वयं से प्रश्न करना ।**

(1) (i), (ii), (iii)

(2) (i), (iv), (v)

(3) (i), (ii), (iii), (v)

(4) (i), (ii), (iii), (iv), (v)

**21. इनमें से कौन सा बाह्य अभिप्रेरणा का एक उदाहरण है ?**

(1) "मैं अपना गृहकार्य करना पसंद करती हूँ क्योंकि यह बहुत आनन्ददायक है ।"

(2) "मैं बहुत अधिक सीखती हूँ जब मैं अपना गृहकार्य करती हूँ ।"

(3) "गृहकार्य करने से मैं अपनी अवधारणाओं को अच्छी तरह से समझ पाती हूँ ।"

(4) "मैं अपना गृहकार्य पूरा करती हूँ क्योंकि शिक्षक प्रत्येक नियत कार्य के लिए हमें अंक देते हैं ।"

**22. एक प्राथमिक कक्षाकक्ष में एक शिक्षक को क्या करना चाहिए ?**

(1) केवल उदाहरण देने चाहिए ।

(2) केवल गैर-उदाहरण देने चाहिए ।

(3) उदाहरण एवं गैर उदाहरण दोनों देने चाहिए ।

(4) उदाहरण या गैर-उदाहरण दोनों नहीं देने चाहिए ।

**23. निम्नलिखित रणनीतियों में से कौन सी बच्चों में अर्थ निर्माण को बढ़ावा देगी ?**

(1) अन्वेषण एवं परिचर्चा

(2) सूचनाओं का संचरण

(3) दंडात्मक साधनों का प्रयोग करना

(4) एकरूप एवं मानकीकृत परीक्षण

**24. Children's errors and misconceptions –**

(1) are a significant step in the teaching-learning process.

(2) are a hindrance and obstacle to the teaching-learning process.

(3) should be ignored in the teaching-learning process.

(4) signify that children's capabilities are far inferior than that of adults.

**25. In the constructivist frame child is viewed as**

(1) 'miniature adult' who is less than adult in all aspects such as size, cognition, emotions.

(2) *'tabula rasa'* or 'blank slate' whose life is shaped entirely by experience.

(3) a 'passive being' who can be shaped and molded into any form through conditioning.

(4) a 'problem solver' and a 'scientific investigator'.

**26. A teacher's role while using co-operative learning in her class –**

(1) is to be a silent spectator and let children do what they want.

(2) is to leave the class and let children work on their own.

(3) is to be supportive and monitor each group.

(4) is to support the group which has the 'bright' and 'talented' children.

**24. बच्चों की गलतियाँ एवं भ्रांत-धारणाएँ _________**

(1) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में एक महत्त्वपूर्ण कदम हैं ।

(2) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया के लिए रुकावट एवं विघ्न हैं ।

(3) शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया में अनदेखी करनी चाहिए ।

(4) सूचित करती हैं कि बच्चों की क्षमताएँ वयस्कों की तुलना में बहुत निम्न स्तर की हैं ।

**25. संरचनात्मक ढांचे में बच्चे को किस रूप में देखा जाता है ?**

(1) 'लघु वयस्क' के रूप में जो सभी पक्षों जैसे आकार, संज्ञान तथा संवेग में वयस्क की तुलना में कम है ।

(2) 'कोरी पटिया' या 'खाली स्लेट' जिसके जीवन को अनुभव के द्वारा पूर्ण रूप से आकार दिया जाता है ।

(3) एक 'निष्क्रिय प्राणी' जिसे अनुबंधन के द्वारा किसी भी रूप में आकार दिया जा सकता है तथा ढाला जा सकता है ।

(4) एक 'समस्या – समाधान करने वाला' तथा 'वैज्ञानिक अन्वेषक' के रूप में ।

**26. अपनी कक्षा में सहयोगात्मक अधिगम का प्रयोग करते समय एक शिक्षक की भूमिका किस प्रकार की होती है ?**

(1) एक मूक दर्शक होना तथा बच्चे जो करना चाहते हैं, उन्हें करने देना ।

(2) कक्षा को छोड़ देना तथा बच्चों को स्वयं कार्य करने देना ।

(3) सहयोगात्मक होना तथा प्रत्येक समूह की निगरानी करना ।

(4) उस समूह का सहयोग करना जिसमें 'होनहार' एवं प्रतिभाशाली बच्चे हैं ।

**27. Which of the following statements denotes the relationship between development and learning correctly ?**

(1) Development and learning are not related.

(2) Learning takes place irrespective of development.

(3) Rate of learning far exceeds the rate of development.

(4) Development and learning are inter-related and inter-dependent.

**28. According to Piaget, specific psychological structures (organized ways of making sense of experience) are called**

(1) mental tools

(2) schemes

(3) images

(4) mental maps

**29. "With an appropriate question / suggestion, the child's understanding can be extended far beyond the point which she could have reached alone." Which construct does the above statement highlight ?**

(1) Zone of proximal development

(2) Equilibration

(3) Conservation

(4) Intelligence

**30. According to Lev Vygotsky, basic mental capacities are transformed into higher cognitive processes primarily through**

(1) rewards and punishment

(2) social interaction

(3) stimulus-response association

(4) adaptation and organization

**27. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा विकास एवं अधिगम के बीच संबंध को सही तरीके से सूचित करता है ?**

(1) विकास एवं अधिगम संबंधित नहीं हैं ।

(2) अधिगम विकास का ध्यान किए बिना घटित होता है ।

(3) अधिगम की दर विकास की दर से काफी अधिक होती है ।

(4) विकास एवं अधिगम अतःसंबंधित और अंतःनिर्भर होते हैं ।

**28. पियाजे के अनुसार, विशिष्ट मनोवैज्ञानिक संरचनाएँ (अनुभव से सही अर्थ निकालने के व्यवस्थित तरीके) को क्या कहा जाता है ?**

(1) मानसिक उपकरण

(2) स्कीमा

(3) प्रतिमान

(4) मानसिक मैप

**29. "एक उचित प्रश्न/सुझाव के द्वारा बच्ची की समझ को उस बिंदु से बहुत आगे ले जाया जा सकता है जिस पर वह अकेले पहुँच सकती है ।"**
**निम्नलिखित में से कौन सी संरचना उपरोक्त कथन को प्रकाशित करती है ?**

(1) समीपस्थ/निकटस्थ विकास का क्षेत्र

(2) साम्यधारण

(3) संरक्षण

(4) बुद्धि

**30. लेव वायगोट्स्की के अनुसार, आधारभूत मानसिक क्षमताओं को मुख्य रूप से किसके द्वारा उच्चतर संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं में बदला जाता है ?**

(1) पुरस्कार एवं दण्ड

(2) सामाजिक पारस्परिक क्रिया

(3) उद्दीपन – अनुक्रिया संबंध

(4) अनुकूलन एवं संघटन

| | |
|---|---|
| ***IMPORTANT : Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*** | **महत्त्वपूर्ण : परीक्षार्थियों को प्रश्न *31* से *90* या तो भाग - *II* (गणित व विज्ञान) या भाग - *III* (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।** |

## PART - II / भाग - II
## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**31.** **If $x = 2^3 \times 3^2 \times 5^3 \times 7^3$**
**$y = 2^2 \times 3^3 \times 5^4 \times 7^3$, and**
**$z = 2^4 \times 3^4 \times 5^2 \times 7^5$,**
**then H.C.F. of $x$, y and z is**

(1) $(30)^2 \times 7^3$
(2) $(15)^3 \times 7^4$
(3) $(30)^3 \times 7^3$
(4) $30 \times 7^5$

**32.** **If $52272 = p^2 \times q^3 \times r^4$, where p, q and r are prime numbers, then the value of $(2p + q - r)$ is**

(1) 21
(2) 22
(3) 23
(4) 29

**33.** **If the 7-digit number 134$x$58y is divisible by 72, then the value of $(2x + y)$ is**

(1) 6
(2) 7
(3) 8
(4) 9

*निर्देश : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए :*

**31.** **यदि $x = 2^3 \times 3^2 \times 5^3 \times 7^3$**
**$y = 2^2 \times 3^3 \times 5^4 \times 7^3$, तथा**
**$z = 2^4 \times 3^4 \times 5^2 \times 7^5$**
**हैं, तो $x$, y और z का महत्तम समापवर्तक है**

(1) $(30)^2 \times 7^3$
(2) $(15)^3 \times 7^4$
(3) $(30)^3 \times 7^3$
(4) $30 \times 7^5$

**32.** **यदि $52272 = p^2 \times q^3 \times r^4$, जहाँ p, q और r अभाज्य संख्याएँ हैं, तो $(2p + q - r)$ का मान है**

(1) 21
(2) 22
(3) 23
(4) 29

**33.** **यदि 7-अंकों वाली संख्या 134$x$58y, 72 से विभाज्य है, तो $(2x + y)$ का मान है**

(1) 6
(2) 7
(3) 8
(4) 9

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**34. Which of the following is <u>not</u> a Pythagorean triplet ?**

(1) 7, 24, 25

(2) 8, 15, 17

(3) 11, 60, 63

(4) 13, 84, 85

**35. The measure of an angle for which the measure of the supplement is four times the measure of the complement is**

(1) 30°

(2) 45°

(3) 60°

(4) 75°

**36. If the angles, in degrees, of a triangle are $x$, $3x + 20$ and $6x$, the triangle must be**

(1) Obtuse

(2) Acute

(3) Right

(4) Isosceles

**37. In triangles ABC and DEF, $\angle C = \angle F$, AC = DF, and BC = EF. If AB = $2x - 1$ and DE = $5x - 4$, then the value of $x$ is**

(1) 1

(2) 2

(3) 3

(4) 4

34. निम्न में कौन सा पाइथागोरस त्रिक <u>नहीं</u> है ?

(1) 7, 24, 25

(2) 8, 15, 17

(3) 11, 60, 63

(4) 13, 84, 85

35. उस कोण का माप, जिसके संपूरक का माप कोण के पूरक के माप के चार गुना के बराबर है, निम्न है :

(1) 30°

(2) 45°

(3) 60°

(4) 75°

36. यदि किसी त्रिभुज के कोणों का माप, डिग्री में, $x$, $3x + 20$ तथा $6x$ हैं, तो त्रिभुज अवश्य ही होगा :

(1) अधिककोण त्रिभुज

(2) न्यूनकोण त्रिभुज

(3) समकोण त्रिभुज

(4) समद्विबाहु त्रिभुज

37. त्रिभुज ABC और DEF में, $\angle C = \angle F$, AC = DF और BC = EF है। यदि AB = $2x - 1$ तथा DE = $5x - 4$ है, तो $x$ का मान है

(1) 1

(2) 2

(3) 3

(4) 4

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

38. **One side of a triangle is 5 cm and the other side is 10 cm and its perimeter is P cm, where P is an integer. The least and the greatest possible values of P are respectively**

(1) 19 and 29
(2) 20 and 28
(3) 21 and 29
(4) 22 and 27

39. **Let $x$ be the median of the data**
**13, 8, 15, 14, 17, 9, 14, 16, 13, 17, 14, 15, 16, 15, 14.**
**If 8 is replaced by 18, then the median of the data is y. What is the sum of the values of $x$ and y ?**

(1) 27
(2) 28
(3) 29
(4) 30

40. **A bag contains 3 white, 2 blue and 5 red balls. One ball is drawn at random from the bag. What is the probability that the ball drawn is not red ?**

(1) $\frac{4}{5}$
(2) $\frac{3}{10}$
(3) $\frac{1}{5}$
(4) $\frac{1}{2}$

38. **किसी त्रिभुज की एक भुजा 5 cm तथा दूसरी भुजा 10 cm है, और इसका परिमाप P cm है, जहाँ P एक पूर्णांक है । P के न्यूनतम और अधिकतम संभव मान क्रमशः हैं**

(1) 19 और 29
(2) 20 और 28
(3) 21 और 29
(4) 22 और 27

39. **माना कि आँकड़ों 13, 8, 15, 14, 17, 9, 14, 16, 13, 17, 14, 15, 16, 15, 14 का माध्यक $x$ है । यदि 8 के स्थान पर 18 कर दिया जाए, तो आँकड़ों का माध्यक y है । $x$ तथा y के मानों का योग क्या है ?**

(1) 27
(2) 28
(3) 29
(4) 30

40. **किसी थैले में 3 सफेद, 2 नीली और 5 लाल गेंदें हैं । थैले में से यदृच्छया एक गेंद निकाली जाती है । निकाली गई गेंद लाल रंग की नहीं है, इसकी क्या प्रायिकता है ?**

(1) $\frac{4}{5}$
(2) $\frac{3}{10}$
(3) $\frac{1}{5}$
(4) $\frac{1}{2}$

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**41. The total surface area of a cuboid is 194 $m^2$. If its length is 8 m and breadth is 6 m, then what is its volume (in $m^2$) ?**

(1) 112

(2) 126

(3) 168

(4) 224

**42. The area of a trapezium is 105 $cm^2$ and its height is 7 cm. If one of the parallel sides is longer than the other by 6 cm, then the length of the longer side, in cm, is**

(1) 18

(2) 16

(3) 15

(4) 12

**43. The curved surface area of a right circular cylinder of base radius 3 cm is 94.2 $cm^2$. The volume (in $cm^3$) of the cylinder is (Take $\pi = 3.14$)**

(1) 138.6

(2) 141.3

(3) 125.6

(4) 113.04

**41. किसी घनाभ का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 194 $m^2$ है । यदि इसकी लंबाई 8 m तथा चौड़ाई 6 m है, तो इसका आयतन ($m^2$ में) है**

(1) 112

(2) 126

(3) 168

(4) 224

**42. किसी समलंब का क्षेत्रफल 105 $cm^2$ है और उसका शीर्षलंब 7 cm है । यदि समांतर भुजाओं में से एक भुजा दूसरी से 6 cm अधिक लंबी है, तो लंबी भुजा की लंबाई, cm में, है**

(1) 18

(2) 16

(3) 15

(4) 12

**43. आधार की 3 cm त्रिज्या वाले एक लंब वृत्तीय बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल 94.2 $cm^2$ है । बेलन का आयतन ($cm^3$ में) है ($\pi = 3.14$ लीजिए ।)**

(1) 138.6

(2) 141.3

(3) 125.6

(4) 113.04

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**44.** **If $x$ is added to each of 14, 12, 34 and 30, the numbers so obtained, in this order, are in proportion. What is the value of $\sqrt{12x + 9}$ ?**

(1) 8

(2) 9

(3) 11

(4) 13

**45.** **Which one of the following statements is true ?**

(1) A regular hexagon has only 4 lines of symmetry.

(2) A regular polygon of 10 sides has 10 lines of symmetry.

(3) A circle has no line of symmetry.

(4) An angle has two lines of symmetry.

**46.** **The value of $x$ which satisfies the equation**

**$10(x + 6) + 8(x - 3) = 5(5x - 4)$**

**also satisfies the equation**

(1) $5(x - 3) = x + 5$

(2) $3(3x - 5) = 2x + 1$

(3) $2(x + 3) = 5(x - 5) + 4$

(4) $5(x - 5) = 2(x - 3) + 5$

**47.** **What should be subtracted from $5y - 13x - 8a$ to obtain $11x - 16y + 7a$ ?**

(1) $6x + 21y + 15a$

(2) $21y - 5x - a$

(3) $21y - 24x - 15a$

(4) $24x - 21y + a$

**44.** **यदि 14, 12, 34 तथा 30, प्रत्येक में $x$ जोड़ा जाए, तो इस प्रकार (इस क्रम में) प्राप्त संख्याएँ समानुपात में होती हैं । $\sqrt{12x + 9}$ का क्या मान होगा ?**

(1) 8

(2) 9

(3) 11

(4) 13

**45.** **निम्न कथनों में से कौन सा सत्य है ?**

(1) एक समषड्भुज की केवल चार सममित रेखाएँ होती हैं ।

(2) 10 भुजा वाले एक समबहुभुज की दस सममित रेखाएँ होती हैं ।

(3) एक वृत्त की कोई सममित रेखा नहीं होती है ।

(4) एक कोण की दो सममित रेखाएँ होती हैं ।

**46.** **$x$ का वह मान जो समीकरण**

**$10(x + 6) + 8(x - 3) = 5(5x - 4)$**

**को संतुष्ट करता है वह निम्न समीकरण को भी संतुष्ट करता है :**

(1) $5(x - 3) = x + 5$

(2) $3(3x - 5) = 2x + 1$

(3) $2(x + 3) = 5(x - 5) + 4$

(4) $5(x - 5) = 2(x - 3) + 5$

**47.** **$11x - 16y + 7a$ प्राप्त करने के लिए $5y - 13x - 8a$ में से क्या घटाना चाहिए ?**

(1) $6x + 21y + 15a$

(2) $21y - 5x - a$

(3) $21y - 24x - 15a$

(4) $24x - 21y + a$

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

48. **Which of the following statements is correct regarding children coming to school from rural areas in the context of Mathematics ?**

(1) They need not learn formal mathematics as it is of no use to them.

(2) They may have rich oral mathematical traditions and knowledge.

(3) They do not know any mathematics.

(4) They have poor communication skills in mathematics.

49. **Read the following statements :**

**A. Axioms are propositions which are assumed.**

**B. Axioms are special theorems.**

**C. Axioms are definitions.**

**D. Axioms, when proved becomes theorems.**

**Which of the following statement(s) is correct ?**

(1) A and C

(2) A and D

(3) Only B

(4) Only A

48. गणित के संदर्भ में, ग्रामीण क्षेत्रों से विद्यालय में आने वाले बच्चों के लिए निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(1) उन्हें विधिवत गणित सीखने की कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि वह उनके काम नहीं आएगा ।

(2) उनके पास मौखिक गणितीय परंपराओं और ज्ञान की प्रचुरता है ।

(3) उन्हें गणित का कोई ज्ञान नहीं है ।

(4) उनकी गणित में संचारण निपुणता निकृष्ट है ।

49. निम्नलिखित कथनों को पढ़िए :

**A.** अभिगृहीत प्रस्ताव हैं जिन्हें मान लिया जाता है ।

**B.** अभिगृहीत विशेष प्रमेय हैं ।

**C.** अभिगृहीत परिभाषाएँ हैं ।

**D.** अभिगृहीत को सिद्ध करने पर वह प्रमेय बन जाता है ।

निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?

(1) A और C

(2) A और D

(3) केवल B

(4) केवल A

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**50. Which of the following statements does <u>not</u> reflect contemporary view of students errors in mathematics ?**

(1) They should be overlooked.

(2) They are a part of learning.

(3) They are a rich source of information.

(4) They can guide the teacher in planning her classes.

**51. Which of the following statement(s) regarding Mathematics is true ?**

**A. Mathematics is a tool.**

**B. Mathematics is a form of art.**

**C. Mathematics is a language.**

(1) A & B

(2) B & C

(3) only A

(4) A, B & C

**52. To prove that $\sqrt{2}$ is an irrational number, a teacher begins by assuming that it is a rational number and then proceeds to show how this assumption is not feasible. This is an example of proof by**

(1) Induction

(2) Deduction

(3) Contradiction

(4) Verification

**50. निम्नलिखित में से कौन सा कथन विद्यार्थियों द्वारा गणित में की गई अशुद्धियों के समसामयिक निरीक्षण पर प्रकाश <u>नहीं</u> डालता है ?**

(1) उन्हें अनदेखा कर देना चाहिए ।

(2) वे अधिगम का हिस्सा हैं ।

(3) वे जानकारी प्राप्त करने का मूल्यवान स्रोत हैं ।

(4) वे अध्यापिका का उसकी कक्षाओं की आयोजना तैयार करने में मार्गदर्शन कर सकती हैं ।

**51. निम्नलिखित कथन (कथनों) में से गणित के संदर्भ में कौन सा/से सही है/हैं ?**

**A. गणित एक उपकरण है ।**

**B. गणित एक प्रकार की कला है ।**

**C. गणित एक भाषा है ।**

(1) A और B

(2) B और C

(3) केवल A

(4) A, B और C

**52. यह सिद्ध करने के लिए कि $\sqrt{2}$ एक अपरिमेय संख्या है, एक अध्यापक यह मानकर शुरू करता है कि यह एक परिमेय संख्या है और आगे बढ़ते हुए यह सिद्ध करता है कि यह पूर्वानुमान संभव नहीं है । यह उपपत्ति निम्न विधि का उदाहरण है :**

(1) आगमन

(2) निगमन

(3) प्रतिवाद

(4) सत्यापन

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**53. Which of the following statements reflects a desirable assessment practice in the context of mathematics learning ?**

(1) Only paper-pencil tasks are suited to assess students because they require precise answers.

(2) Holding conversations and one to one discussion with children can also be helpful in assessing them.

(3) Assessment should be product oriented and focus on the right answer of the child.

(4) Incorrect answers of children should largely be ignored because we need to focus on children's strengths.

**54. Which of the following statements is true of learning mathematics ?**

(1) Everyone can learn and succeed in mathematics.

(2) Girls need extra attention because they are weaker in mathematics.

(3) Mathematics is a specialized subject meant for a select few.

(4) Informal algorithms are inferior to formal mathematics.

**53. निम्नलिखित में से कौन सा कथन गणितीय अधिगम के वांछित मूल्यांकन अभ्यास पर प्रकाश डालता है ?**

(1) विद्यार्थियों का आकलन करने के लिए केवल कागज़-कलम वाला कार्य उपयुक्त है, क्योंकि उनमें सही उत्तर की आवश्यकता होती है ।

(2) विद्यार्थियों का आकलन करने के लिए वार्तालाप करना और एकैक विचार-विमर्श करना भी लाभदायक हो सकता है ।

(3) आकलन, उत्पादन के अनुकूल और विद्यार्थी के उचित उत्तर पर केंद्रित होना चाहिए ।

(4) विद्यार्थियों के अनुचित उत्तरों की अधिकांशतः उपेक्षा कर देनी चाहिए क्योंकि हमें विद्यार्थियों की क्षमता पर केंद्र करना चाहिए ।

**54. गणितीय अधिगम के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है ?**

(1) प्रत्येक व्यक्ति गणित सीख सकता है और उसमें सफल हो सकता है ।

(2) लड़कियों पर गणित में अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होती है क्योंकि वे उसमें कमज़ोर होती हैं ।

(3) गणित एक विशेष विषय है जो कि विशिष्ट कुछ लोगों के लिए ही है ।

(4) अनौपचारिक ऐल्गोरिथ्म, औपचारिक गणित से निकृष्ट है ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**55. The role of proportional reasoning in understanding the concept related to ratio and proportion was highlighted by**

(1) Van Hiele
(2) Zoltan Dienes
(3) Jean Piaget
(4) Lev Vygotsky

**56. A student is not able to solve those word problems which involve transposition in algebra. The best remedial strategy is to**

(1) give lot of practise questions on transposition of numbers.
(2) give lot of practise questions of word problems in another language.
(3) explain him/her word problem in simple language.
(4) explain concept of equality using alternate method.

**57. Contemporary understanding of Mathematics Pedagogy encourages teachers to do all of the following, except :**

(1) Encourage the ability to approximate solutions.
(2) Introduce computation of problems before development of conceptual understanding.
(3) Create opportunities for students to guess-and-verify the solutions to problems.
(4) Develop the skill of systematic reasoning in students.

**55. अनुपात और समानुपात प्रत्यय को समझने के लिए आनुपातिक विवेचन की भूमिका को उजागर किया था**

(1) वैन हील ने
(2) ज़ोल्टन डाइन्स ने
(3) जीन पियाज़े ने
(4) लेव वायगोत्स्की ने

**56. एक विद्यार्थी बीजगणित की उन शाब्दिक समस्याओं को हल नहीं कर सकता है जिनमें स्थानांतरण सम्मिलित होता है । सर्वोत्तम उपचारात्मक योजना है**

(1) संख्याओं के स्थानांतरण के अभ्यास के लिए अधिक प्रश्न देना ।
(2) अन्य भाषाओं की शाब्दिक समस्याओं के अभ्यास के लिए अधिक प्रश्न देना ।
(3) छात्र को शाब्दिक समस्या का अर्थ आसान भाषा में समझाना ।
(4) विकल्प विधि से समानता प्रत्यय को समझाना ।

**57. गणित अध्यापन की समसामयिक समझ अध्यापकों को निम्नलिखित सभी को करने को प्रोत्साहित करती है, केवल इसको छोड़कर :**

(1) सन्निकट हल प्राप्त करने की क्षमता को प्रोत्साहित करना ।
(2) समस्याओं के परिकलन का परिचय उसकी संकल्पनात्मक समझ से पहले कराना ।
(3) विद्यार्थियों के लिए ऐसे सुयोग उत्पन्न करना कि वे समस्याओं के हल का अनुमान और सत्यापन कर सकें ।
(4) विद्यार्थियों में सुव्यवस्थित तर्क करने के कौशल को विकसित करना ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**58.** **The value of**

**$[(-4) \div 2] \times (-3) - (-3)\, [(-3) \times (-7) - 8] + (4)\, [(-48) \div 6]$**

**is**

(1) 9

(2) –11

(3) 13

(4) –16

**59.** **The fractions $\frac{44}{49}, \frac{33}{38}, \frac{22}{25}$ and $\frac{24}{29}$ are written in descending order as**

(1) $\frac{24}{29}, \frac{33}{38}, \frac{22}{25}, \frac{44}{49}$

(2) $\frac{22}{25}, \frac{24}{29}, \frac{33}{38}, \frac{44}{49}$

(3) $\frac{44}{49}, \frac{22}{25}, \frac{33}{38}, \frac{24}{29}$

(4) $\frac{44}{49}, \frac{33}{38}, \frac{24}{29}, \frac{22}{25}$

**60.** **Which one of the following statements is <u>not</u> true for integers ?**

(1) Multiplication is associative.

(2) Division is commutative.

(3) 1 is the multiplicative identity.

(4) Subtraction is not commutative.

**58.** **$[(-4) \div 2] \times (-3) - (-3)\, [(-3) \times (-7) - 8] + (4)\, [(-48) \div 6]$**

**का मान है**

(1) 9

(2) –11

(3) 13

(4) –16

**59.** **भिन्नों $\frac{44}{49}, \frac{33}{38}, \frac{22}{25}$ तथा $\frac{24}{29}$ को अवरोही क्रम में निम्न प्रकार से लिखा जाता है :**

(1) $\frac{24}{29}, \frac{33}{38}, \frac{22}{25}, \frac{44}{49}$

(2) $\frac{22}{25}, \frac{24}{29}, \frac{33}{38}, \frac{44}{49}$

(3) $\frac{44}{49}, \frac{22}{25}, \frac{33}{38}, \frac{24}{29}$

(4) $\frac{44}{49}, \frac{33}{38}, \frac{24}{29}, \frac{22}{25}$

**60.** **निम्न कथनों में से कौन सा कथन पूर्णांकों के लिए सत्य <u>नहीं</u> है ?**

(1) गुणन साहचर्य होता है ।

(2) भाग क्रमविनिमेय है ।

(3) 1 गुणनात्मक तत्समक है ।

(4) व्यवकलन क्रमविनिमेय नहीं है ।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**61. Myra cycles to a friend's house 5 km away to deliver a packet. She goes at a speed of 12 km/hour and returns at a speed of 8 km/h. Her average speed during the whole trip is –**

(1) 20 km/h
(2) 9.6 km/h
(3) 10 km/h
(4) 5 m/s

**62. Which of the following sets contains only the units of measuring distance ?**

(1) metre, light year, hertz
(2) cubit, year, light year
(3) cubit, metre, light year
(4) metre, hertz, cubit

**63. Sameer rolls his marble on three different surfaces spread out on floor – taut cellophane sheet, carpet and newspaper. The force of friction acting on the marble in the increasing order is**

(1) Newspaper, Cellophane sheet, Carpet
(2) Newspaper, Carpet, Cellophane sheet
(3) Cellophane sheet, Newspaper, Carpet
(4) Cellophane sheet, Carpet, Newspaper

**64. An object is moving linearly with a uniform velocity. If time is represented along X-axis then which of the following statements is correct ?**

(1) The distance-time graph of the motion will be a straight line parallel to X-axis.
(2) The velocity-time graph of the motion will be a straight line parallel to Y-axis.
(3) The distance-time graph of the motion will be a straight line parallel to Y-axis.
(4) The velocity-time graph of the motion will be a straight line parallel to X-axis.

***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे उपयुक्त*** *विकल्प चुनिए :*

**61. मायरा किसी पैकेट को पहुँचाने के लिए 5 km दूरी पर अपनी सहेली के घर साइकिल चलाकर जाती है । वह जाते समय 12 km/h. की चाल से जाती है और लौटते समय 8 km/h. की चाल से लौटती है । उसकी समस्त यात्रा की औसत चाल है**

(1) 20 km/h
(2) 9.6 km/h
(3) 10 km/h
(4) 5 m/s

**62. निम्नलिखित में से किस समुच्चय में केवल दूरी मापने के मात्रक हैं ?**

(1) मीटर, प्रकाशवर्ष, हर्ट्ज़
(2) बालिश्त, वर्ष, प्रकाशवर्ष
(3) बालिश्त, मीटर, प्रकाशवर्ष
(4) मीटर, हर्ट्ज़, बालिश्त

**63. समीर अपने कंचे (गोली) को फर्श पर बिछे तीन विभिन्न पृष्ठों (सतहों) – तनी हुई सेलोफेन शीट, कालीन और समाचार-पत्र पर लुढकाता है । कंचे पर लगने वाला घर्षण बल बढ़ते क्रम में किस प्रकार होगा ?**

(1) समाचार-पत्र, सेलोफेन शीट, कालीन
(2) समाचार-पत्र, कालीन, सेलोफेन शीट
(3) सेलोफेन शीट, समाचार-पत्र, कालीन
(4) सेलोफेन शीट, कालीन, समाचार-पत्र

**64. कोई पिण्ड रैखिकतः किसी एकसमान वेग से गतिमान है । यदि समय को X-अक्ष पर निरूपित किया जाए तो नीचे दिया गया कौन सा कथन सही है ?**

(1) इस गति का दूरी-समय ग्राफ X-अक्ष के समान्तर एक सरल रेखा होगा ।
(2) इस गति का वेग-समय ग्राफ Y-अक्ष के समान्तर एक सरल रेखा होगा ।
(3) इस गति का दूरी-समय ग्राफ Y-अक्ष के समान्तर एक सरल रेखा होगा ।
(4) इस गति का वेग-समय ग्राफ X-अक्ष के समान्तर एक सरल रेखा होगा ।

65. **Which of the following is <u>not</u> a byproduct of petroleum ?**

(1) Paraffin wax
(2) Coke
(3) Bitumen
(4) Lubricating oil

66. **Aman keeps a plastic bottle, a wooden spoon and a metallic spoon in a closed room overnight. The room temperature is 30 °C. In the morning he records the temperatures of the three objects as $T_1$, $T_2$ and $T_3$. Which of the following most likely represents the relation between them ?**

(1) $T_1 = T_2 = T_3$
(2) $T_3 > T_2 > T_1$
(3) $T_1 = T_2 < T_3$
(4) $T_1 > T_2 > T_3$

67. **Which of the following organisms can prepare their own food by Photosynthesis ?**

(1) Algae
(2) Fungi
(3) Rhizobium
(4) Virus

68. **Which of the following features help polar bears adapt in extreme cold conditions ?**

(1) white fur, flat feet, fat under skin
(2) white fur, long curved sharp claws, fat under skin
(3) white fur, flat feet, layers of fur
(4) strong smell, flat feet, layers of fur

65. निम्नलिखित में से कौन पेट्रोलियम का उपोत्पाद <u>नहीं</u> है ?

(1) पैराफिन मोम
(2) कोक
(3) बिटुमेन
(4) स्नेहक तेल

66. अमन किसी बन्द कमरे में एक प्लास्टिक की बोतल, एक लकड़ी का चम्मच और एक धातु का चम्मच को रात भर रखता है । कक्ष ताप 30 °C है । सुबह होने पर वह इन तीनों वस्तुओं के ताप रिकार्ड करता है जो $T_1$, $T_2$ और $T_3$ हैं । निम्नलिखित में से किस संबंध द्वारा इन तापों के निरूपण की सबसे अधिक संभावना हो सकती है ?

(1) $T_1 = T_2 = T_3$
(2) $T_3 > T_2 > T_1$
(3) $T_1 = T_2 < T_3$
(4) $T_1 > T_2 > T_3$

67. निम्नलिखित जीवों में से कौन प्रकाश-संश्लेषण द्वारा अपना भोजन बना सकता है ?

(1) शैवाल
(2) कवक
(3) राइज़ोबियम
(4) वायरस (विषाणु)

68. निम्नलिखित में से कौन से लक्षण ध्रुवीय भालू को चरम शीत अवस्थाओं के अनुकूल बनाने में सहायता करते हैं ?

(1) सफेद बाल (फर), चपटे पैर, त्वचा के नीचे वसा की परत
(2) सफेद बाल (फर), मुड़े हुए लम्बे और पैने नाखून, त्वचा के नीचे वसा की परत
(3) सफेद बाल (फर), चपटे पैर, बालों की परतें
(4) सूँघने की तीव्र शक्ति, चपटे पैर, बालों की परतें

**69. Which of the following nutrients are present in milk ?**

(1) Protein, Calcium, Vitamin D
(2) Protein, Vitamin C, Vitamin A
(3) Carbohydrates, Vitamin C, Iron
(4) Protein, Iron, Vitamin D

**70. The non-metal used in the purple coloured solution applied on wounds as antiseptic is**

(1) Chlorine
(2) Iodine
(3) Bromine
(4) Sulphur

**71. Which of the following statements regarding 'Air' is <u>incorrect</u> ?**

(1) Air has weight.
(2) Air is not present in soil.
(3) Air plays important role in water cycle.
(4) Air occupies space.

**72. Which of the following represents correct matching of the organs of digestive system in Column A with the function in Column B ?**

| | **Column A** | | **Column B** |
|---|---|---|---|
| **a.** | **Liver** | **i.** | **where protein digestion starts** |
| **b.** | **Stomach** | **ii.** | **where bile juice is stored** |
| **c.** | **Gall bladder** | **iii.** | **releases digestive juice into small intestine** |
| **d.** | **Pancreas** | **iv.** | **largest gland** |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iv | iii |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | iii | iv | ii | i |

69. दूध में निम्नलिखित कौन से पोषकतत्व होते हैं ?

(1) प्रोटीन, कैल्सियम, विटामिन-D
(2) प्रोटीन, विटामिन-C, विटामिन-A
(3) कार्बोहाइड्रेट, विटामिन-C, आयरन (लोहा)
(4) प्रोटीन, आयरन (लोहा), विटामिन-D

70. पूतिरोधी (रोगाणुरोधक) के रूप में घावों पर लगाए जाने वाले बैंजनी रंग के विलयन में कौन सी अधातु होती है ?

(1) क्लोरीन
(2) आयोडीन
(3) ब्रोमीन
(4) सल्फर

71. वायु के संबंध में नीचे दिया गया कौन सा कथन <u>सही</u> <u>नहीं</u> है ?

(1) वायु में भार होता है ।
(2) मृदा में वायु उपस्थित नहीं होती ।
(3) जल चक्र में वायु की महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है ।
(4) वायु स्थान घेरती है ।

72. स्तम्भ **A** में दिए गए पाचन तंत्र के अंगों और स्तम्भ **B** में दिए गए उनके कार्यों का नीचे दिया गया कौन सा मिलान सही है ?

| | **स्तम्भ A** | | **स्तम्भ B** |
|---|---|---|---|
| **a.** | यकृत (लिवर) | **i.** | जहाँ प्रोटीन का पाचन आरम्भ होता है । |
| **b.** | आमाशय | **ii.** | जहाँ पित्त रस संचयित होता है । |
| **c.** | पित्ताशय | **iii.** | क्षुदांत्र में पाचक रस मुक्त करता है । |
| **d.** | अग्न्याशय | **iv.** | सबसे बड़ी ग्रंथि |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iv | iii |
| (2) | iv | i | ii | iii |
| (3) | i | iii | ii | iv |
| (4) | iii | iv | ii | i |

**73. Which of the following statement about cells is true ?**

(1) All cells are round in shape.

(2) Cells of a tissue have similar structure.

(3) Size of cells is same in a well organized organism.

(4) All the cells have nucleus.

**74. Which of the following are correctly matched with their mode of reproduction ?**

| | **A** | | **B** |
|---|---|---|---|
| **a.** | **Yeast** | **i.** | **vegetative propagation** |
| **b.** | **Potato** | **ii.** | **spore formation** |
| **c.** | **Algae** | **iii.** | **fragmentation** |
| **d.** | **Fungi** | **iv.** | **budding** |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | iii | ii |
| (2) | i | iii | ii | iv |
| (3) | ii | iv | iii | i |
| (4) | iii | ii | iv | i |

**75. Which of the following pollutants are responsible for depletion of ozone layer ?**

(1) Carbon dioxide and carbon monoxide

(2) Chlorofluoro carbons

(3) Acid rain

(4) Methane and carbon dioxide

**76. Which of the following set represents communicable diseases ?**

(1) Anaemia, Scurvy, Diarrhoea, Cholera

(2) Typhoid, Malaria, Anaemia, Swine flu

(3) Typhoid, Swine flu, Malaria, Polio

(4) Diabetes, Typhoid, Malaria, Anaemia

**73. कोशिका के विषय में कौन सा कथन सत्य है ?**

(1) सभी कोशिकाओं की आकृति गोल होती है ।

(2) किसी ऊतक की कोशिकाएँ समान होती हैं ।

(3) किसी भली भाँति व्यवस्थित जीव में कोशिकाओं का आकार (साइज़) समान होता है ।

(4) सभी कोशिकाओं में केन्द्रक होता है ।

**74. निम्नलिखित में किनका उनकी जनन की विधा से सही मिलान किया गया है ?**

| | **A** | | **B** |
|---|---|---|---|
| **a.** | **यीस्ट** | **i.** | **कायिक प्रवर्धन** |
| **b.** | **आलू** | **ii.** | **बीजाणु समासंघ (बीजाणु जनन)** |
| **c.** | **शैवाल** | **iii.** | **खण्डन** |
| **d.** | **कवक** | **iv.** | **मुकुलन** |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | iii | ii |
| (2) | i | iii | ii | iv |
| (3) | ii | iv | iii | i |
| (4) | iii | ii | iv | i |

**75. निम्नलिखित में से कौन सा/से प्रदूषक ओज़ोन परत के अपक्षय के लिए उत्तरदायी है/हैं ?**

(1) कार्बन डाइऑक्साइड और कार्बन मोनो-ऑक्साइड

(2) क्लोरोफ्लुओरो कार्बन

(3) अम्लीय वर्षा

(4) मेथैन और कार्बन डाइऑक्साइड

**76. निम्नलिखित में से कौन सा समुच्चय संचारी रोगों को निरूपित करता है ?**

(1) रक्तक्षीणता, स्कर्वी, अतिसार, हैजा

(2) मियादी बुखार (टायफॉइड), मलेरिया, रक्तक्षीणता, स्वाइनफ्लु

(3) मियादी बुखार (टायफॉइड), स्वाइनफ्लु, मलेरिया, पोलियो

(4) डायबेटिज़, मियादी बुखार (टायफॉइड), मलेरिया, रक्तक्षीणता

77. **Which one of the following is <u>not</u> true of the nature of science ?**

**A.** **Science is always tentative.**

**B.** **Science promotes scepticism.**

**C.** **Science is a process of constructing knowledge.**

**D.** **Science is static in nature.**

(1) D

(2) B

(3) C

(4) A

78. **Which of the following is/are developed by Science ?**

**A.** **Equity**

**B.** **Scientific attitude**

**C.** **Scientific temper**

**D.** **Static mind set**

(1) A and D

(2) B, C and D

(3) A, B and C

(4) C and D

79. **The role of a science teacher should be to _________**

(1) provide rich variety of learning experiences to learners.

(2) provide product based teaching-learning environment to learners.

(3) guide learners to practice the memorization of the creative ideas.

(4) encourage all learners to frame questions of high cognitive abilities.

77. निम्नलिखित में से क्या एक विज्ञान की प्रकृति के संदर्भ में सही <u>नहीं</u> है ?

**A.** विज्ञान हमेशा अस्थायी है ।

**B.** विज्ञान संदेहवाद को बढ़ावा देता है ।

**C.** विज्ञान एक ज्ञान की रचना की प्रक्रिया है ।

**D.** विज्ञान की प्रकृति स्थिर है ।

(1) D

(2) B

(3) C

(4) A

78. निम्नलिखित में से किसका विकास विज्ञान के द्वारा होता है ?

**A.** निष्पक्षता

**B.** वैज्ञानिक दृष्टिकोण

**C.** वैज्ञानिक स्वभाव

**D.** स्थायी मानस प्रवृत्ति

(1) A और D

(2) B, C और D

(3) A, B और C

(4) C और D

79. एक विज्ञान शिक्षक की भूमिका होनी चाहिए _________

(1) छात्रों को प्रचुर विभिन्न सीखने के अनुभव प्रदान करना ।

(2) छात्रों को उत्पाद आधारित शिक्षण-अधिगम पर्यावरण प्रदान करना ।

(3) सर्जनात्मक विचारों को रटने के अभ्यास में छात्र का मार्गदर्शन करना ।

(4) उच्च संज्ञानात्मक क्षमताओं वाले प्रश्नों के निर्माण के लिए सभी छात्रों को प्रेरित करना ।

**80. As per NCF-2005, good science education should be**

**A. True to the learner**

**B. True to the environment of the learner**

**C. True to the teacher**

**D. True to science**

(1) A, B and D

(2) B and C only

(3) A, B and C

(4) D only

**81. "Conducting a survey on the awareness of people about sources of air pollution in learners localities."**

**Which of the following cognitive <u>process</u> will be most associated with the above learning objective having action verb conducting ?**

(1) Remembering

(2) Understanding

(3) Creating

(4) Applying

**82. Which of the following strategy can be the most appropriate for involving learners in the teaching learning of science ?**

(1) Reading a science book

(2) Clarifying the hard spots of learners

(3) Working on engaging the learners first

(4) Encouraging learners to do group assessment

**80. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2005 के अनुसार, एक अच्छी विज्ञान शिक्षा**

**A. सीखने वाले के प्रति सच्ची होनी चाहिए ।**

**B. सीखने वाले के पर्यावरण के प्रति सच्ची होनी चाहिए ।**

**C. शिक्षक के प्रति सच्ची होनी चाहिए ।**

**D. विज्ञान के प्रति सच्ची होनी चाहिए ।**

(1) A, B और D

(2) B और C केवल

(3) A, B और C

(4) D केवल

**81. "बच्चे के अपने क्षेत्र के लोगों में वायु प्रदूषण के स्रोतों की जागरूकता का सर्वे का <u>संचालन करना</u> ।"**

**निम्नलिखित में से कौन सी संज्ञानात्मक प्रक्रिया उपरोक्त सीखने के उद्देश्य में रेखांकित क्रियापरक 'संचालन करना' से सबसे अधिक संबंधित होगी ?**

(1) याद करना ।

(2) बोध करना ।

(3) सर्जन करना ।

(4) अनुप्रयोग करना ।

**82. निम्नलिखित में से कौन सी युक्ति विज्ञान शिक्षण – अधिगम में सीखने वाले को शामिल करने के लिए सबसे अधिक उपयुक्त हो सकती है ?**

(1) विज्ञान की पुस्तक को पढ़ना

(2) छात्रों के कठिन बिन्दुओं को स्पष्ट करना ।

(3) सबसे पहले छात्र को सीखने में जोड़ने पर कार्य करना ।

(4) छात्रों को समूह आकलन के लिए प्रोत्साहित करना ।

**83. By which of the following strategy meaningful clarification on the concept of reflection of light can be given ?**

(1) Animated video on the concept.

(2) Chart showing the reflection of light.

(3) Observing reflection of light on white paper screen by the learners and drawing conclusions.

(4) Asking closed ended questions related to the concept.

**84. Why are field visits important in science ?**

(1) It provides hands on experiences to the learners.

(2) It is easy to conduct.

(3) It collects the information of science.

(4) It develops habit of hardwork among learners.

**85. Which of the following tool is for learner centered assessment ?**

**A. Portfolio**

**B. Concept mapping**

**C. Paper-pencil test**

**D. Journal writing**

(1) C only

(2) A, B and D

(3) A and C only

(4) B, C and D

**86. Assessment <u>as</u> learning in Science means _________.**

(1) Formative assessment

(2) Summative assessment

(3) Self assessment

(4) Term assessment

**83. निम्नलिखित में से किस युक्ति के द्वारा प्रकाश के परावर्तन की संकल्पना का अर्थवान स्पष्टीकरण दिया जा सकता है ?**

(1) संकल्पना आधारित ऐनिमेटेड वीडियो

(2) प्रकाश के परावर्तन को दिखाता हुआ चार्ट

(3) सीखने वालों के द्वारा सफेद कागज़ के परदे पर प्रकाश के परावर्तन का अवलोकन करना और उसका निष्कर्ष निकालना ।

(4) संकल्पना आधारित बंद उत्तर वाले प्रश्नों को पूछकर

**84. विज्ञान में क्षेत्र भ्रमण क्यों महत्त्वपूर्ण है ?**

(1) यह अपने हाथ से कार्य करने के अनुभव प्रदान करता है ।

(2) इसका संचालन आसान है ।

(3) यह विज्ञान की जानकारी इकट्ठी करता है ।

(4) यह सीखने वाले में मेहनत की आदत का विकास करता है ।

**85. निम्न में से कौन सा साधन बाल केन्द्रित आकलन के लिए है ?**

**A. पोर्टफोलियो**

**B. अवधारणा मानचित्रण**

**C. पेपर–पेंसिल परीक्षण**

**D. जर्नल लिखना**

(1) केवल C

(2) A, B और D

(3) केवल A और C

(4) B, C और D

**86. विज्ञान में सीखने जैसा आकलन का अर्थ है**

(1) रचनात्मक आकलन

(2) योगात्मक आकलन

(3) स्वः आकलन

(4) सत्र आकलन

**87. Amrita is trying to set-up an electric circuit. She runs short of connecting wires. Which of the following materials can she use to complete the circuit ?**

(1) thick thread

(2) steel wire

(3) glass rod

(4) rubber pipe

**88. Identify the correct statement.**

(1) A concave mirror always forms an erect image.

(2) A concave mirror forms an erect as well as inverted image.

(3) A convex mirror always forms an inverted image.

(4) A convex mirror forms erect as well as inverted image.

**89. Which of the following acids is found in ant's sting ?**

(1) Ascorbic acid

(2) Formic acid

(3) Oxalic acid

(4) Acetic acid

**90. 3.7 kg of a fuel is completely burnt to give off $1.665 \times 10^8$ joules of energy. The calorific value of the fuel in standard unit is**

(1) 45000

(2) 22222

(3) 61605

(4) 25000

**87. अमृता कोई विद्युत परिपथ व्यवस्थित करने का प्रयास कर रही है । उसके पास पर्याप्त संख्या में संयोजक तार नहीं हैं । परिपथ को पूरा करने के लिए वह नीचे दिए गए पदार्थों में से किस एक का उपयोग कर सकती है ?**

(1) मोटा धागा

(2) स्टील का तार

(3) काँच की छड़

(4) रबड़ का पाइप

**88. सही कथन को पहचानिए :**

(1) अवतल दर्पण सदैव ही सीधा प्रतिबिम्ब बनाता है ।

(2) अवतल दर्पण सीधा प्रतिबिम्ब भी बनाता है और उलटा प्रतिबिम्ब भी बनाता है ।

(3) उत्तल दर्पण सदैव ही उलटा प्रतिबिम्ब बनाता है ।

(4) उत्तल दर्पण सीधा प्रतिबिम्ब भी बनाता है और उलटा प्रतिबिम्ब भी बनाता है ।

**89. चींटी के दंश (डंक) में निम्नलिखित में से कौन सा अम्ल होता है ?**

(1) एस्कॉर्बिक अम्ल

(2) फॉर्मिक अम्ल

(3) ऑक्सैलिक अम्ल

(4) एसीटिक अम्ल

**90. किसी ईंधन के 3.7 kg को पूर्ण दहन करने पर $1.665 \times 10^8$ जूल ऊर्जा प्राप्त होती है । मानक मात्रकों में इस ईंधन का कैलोरी मान (ऊष्मीय मान) है**

(1) 45000

(2) 22222

(3) 61605

(4) 25000

| | |
|---|---|
| ***IMPORTANT : Candidates have to do Question Nos. 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*** | **महत्त्वपूर्ण : परीक्षार्थियों को प्रश्न *संख्या 31* से *90* या तो भाग - *II* (गणित व विज्ञान) या भाग - *III* (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।** |

## PART - III / भाग - III
## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान)

***Directions :*** *Answer the following questions by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*

**31. Which of the following was not a feature to Athenian democracy ?**

(1) All the free men and women above 30 years of age were recognised as full citizens.

(2) All citizens were expected to serve in army and navy.

(3) All the citizens attended assemblies that were held for deciding upon matters.

(4) Appointment for many positions were made through lottery.

**32. Which of the following was Samudragupta's policy specifically towards the rulers of Dakshinapatha ?**

(1) Their kingdoms were uprooted and made a part of Samudragupta's empire.

(2) They submitted to Samudragupta and offered daughters in marriage.

(3) They brought tribute, followed his orders and attended his court.

(4) They surrendered after being defeated and then were allowed to rule again.

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए ।

**31. ऐथीनियन लोकतंत्र की निम्नलिखित में से कौन सी एक विशेषता नहीं थी ?**

(1) 30 से अधिक उम्र के उन सभी पुरुषों और महिलाओं को पूर्ण नागरिकता प्राप्त थी, जो दास नहीं थे ।

(2) सभी नागरिकों को सेना व नौसेना में अपनी सेवाएँ देनी होती थीं ।

(3) मामलों के निर्णयों के लिए आयोजित की गईं सभाओं में सभी नागरिक उपस्थित होते थे ।

(4) कई पदों पर नियुक्तियाँ लॉटरी के माध्यम की जाती थीं ।

**32. समुद्रगुप्त की निम्नलिखित में से कौन सी ऐसी नीति थी जो विशिष्ट रूप से दक्षिणापथ शासकों के लिए थी ?**

(1) उनके साम्राज्यों को उखाड़ फेंका गया और उन्हें समुद्रगुप्त के साम्राज्य का अंग बनाया गया ।

(2) उन्होंने समुद्रगुप्त की अधीनता स्वीकार की और अपनी पुत्रियों का विवाह उससे किया ।

(3) वे उपहार लाते थे, उसके आदेशों का पालन करते थे और उसके दरबार में उपस्थित होते थे ।

(4) इन्होंने हार स्वीकार की व इन्हें पुनः शासन करने के लिए अनुमति दी गयी ।

33. **Match the following :**

| | **(Art form)** | | **(Nomenclature)** |
|---|---|---|---|
| **a.** | **Art technique that enabled making of images that looked real.** | **i.** | **Picturesque** |
| **b.** | **Painting showing Indian landscape as quaint, unexplored land** | **ii.** | **Portraiture** |
| **c.** | **Paintings displaying lavish lifestyles, wealth & status of Europeans in India.** | **iii.** | **History Painting** |
| **d.** | **Paintings depicting scenes from British imperial history & victories.** | **iv.** | **Oil Painting** |

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | i | ii | iii | iv |

34. **In the late 18th century, the presidencies of Bombay, Madras and Bengal developed from which of the following East India Company's trading posts ?**

(1) Surat, Madras, Calcutta
(2) Nagpur, Madurai, Delhi
(3) Pune, Madras, Calcutta
(4) Surat, Madurai, Delhi

35. **Consider the statements (A) and (B) about Mahayana Buddhism and choose the correct answer.**

**(A) In this form of Buddhism, Buddha's presence in sculptures was shown using certain signs.**

**(B) The belief in Bodhisattvas emerged with the coming of Mahayana Buddhism.**

(1) (A) is true, (B) is false.
(2) (A) is false, (B) is true.
(3) Both (A) and (B) are true.
(4) Both (A) and (B) are false.

33. निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | (कलारूप) | | (नामावली) |
|---|---|---|---|
| **a.** | कला की वह तकनीक जो 'असली जैसी तसवीरों' को बनाने में सहायक थी । | **(i)** | नयनाभिराम |
| **b.** | चित्रकारी जिसमें भारतीय भू-दृश्यों को अनूठा, अनछुआ दिखाया जाता था । | **(ii)** | रूप-चित्रण |
| **c.** | भारत में यूरोपवासियों की ऐश्वर्यपूर्ण जीवनशैली, धन-संपदा और रौब-दाब दर्शाती चित्रकला । | **(iii)** | इतिहास चित्रकला |
| **d.** | ब्रिटिश साम्राज्यवादी इतिहास और विजयी दृश्यों को चित्रित करने वाली चित्रकला | **(iv)** | तैल चित्रकला |

| | **a** | **b** | **c** | **d** |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iv | i | ii | iii |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | ii | iii | iv | i |
| (4) | i | ii | iii | iv |

34. अठारहवीं शताब्दी के अन्तिम चरण में बम्बई, मद्रास और बंगाल प्रेसीडेंसियों का विकास ईस्ट इण्डिया कम्पनी के किन व्यापारिक केन्द्रों से हुआ ?

(1) सूरत, मद्रास, कलकत्ता
(2) नागपुर, मदुरै, दिल्ली
(3) पुणे, मद्रास, कलकत्ता
(4) सूरत, मदुरै, दिल्ली

35. (A) और (B) कथनों पर बौद्ध महायान के संदर्भ में विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए ।

**(A)** बौद्ध धर्म के इस रूप में, बुद्ध की उपस्थिति कुछ एक संकेतों का उपयोग करते हुए, मूर्तियों में दिखाई गई है ।

**(B)** महायान बौद्ध के आने के साथ ही बोधिसत्व में विश्वास समाहित हुआ ।

(1) (A) सही है, (B) गलत है ।
(2) (A) गलत है, (B) सही है ।
(3) (A) और (B) दोनों सही हैं ।
(4) (A) और (B) दोनों गलत हैं ।

**36. Consider the statements (A) and (B) about Mahalwari and Ryotwari system of revenues and choose the correct answer.**

**(A) The Mahalwari was devised for North-Western provinces of Bengal presidency, while the Ryotwari was devised for British territories in South.**

**(B) While in Mahalwari, village headman collected and paid revenue of the whole village to the company, in Ryotwari direct settlements was made with cultivators.**

(1) Only (A) correctly explains differences between the two revenue systems.

(2) Only (B) correctly explains differences between the two revenue systems.

(3) Both (A) and (B) correctly explain differences between the two revenue systems.

(4) Neither (A) nor (B) correctly explain differences between the two revenue systems.

**37. A tomb of a Sufi saint is known as :**

(1) Khanqah (2) Idgah

(3) Gulfaroshan (4) Dargah

**38. The doctrine of Vishishtadvaita was propounded in eleventh century by :**

(1) Ramanuja (2) Basavanna

(3) Eknath (4) Sakhubai

**39. Consider the statements (A) and (B) on Diwani Adalat established in 1772 in India and choose the correct answer :**

**(A) It was a criminal court.**

**(B) It was presided over by the European district collectors.**

(1) (A) is true, (B) is false.

(2) (A) is false, (B) is true.

(3) Both (A) and (B) are true.

(4) Both (A) and (B) are false.

**36. महालवारी और रैयतवारी राजस्व प्रणालियों के संदर्भ में (A) और (B) कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए ।**

**(A)** महालवारी बंगाल प्रेसीडेंसी के उत्तर–पश्चिमी प्रांतों के लिए युक्ति थी, जबकि रैयतवारी ब्रिटिश नियंत्रण वाले दक्षिण भारतीय इलाकों के लिए थी ।

**(B)** महालवारी में गाँव का मुखिया पूरे गाँव के संकलित राजस्व को कंपनी को अदा करता था जबकि रैयतवारी में किसानों के साथ सीधा समझौता किया जाता था ।

(1) केवल (A) दो राजस्व व्यवस्थाओं के बीच अन्तर को सही स्पष्ट करता है ।

(2) केवल (B) दो राजस्व व्यवस्थाओं के बीच अन्तर को सही स्पष्ट करता है ।

(3) (A) और (B) दोनों दो राजस्व व्यवस्थाओं के बीच अन्तर को सही स्पष्ट करते हैं ।

(4) ना तो (A) और ना ही (B) दो राजस्व व्यवस्थाओं बीच अन्तर को सही स्पष्ट करते हैं ।

**37. सूफी संत के मकबरे को जाना जाता है**

(1) खानकाह (2) ईदगाह

(3) गुलफरोशां (4) दरगाह

**38. विशिष्टाद्वैत का सिद्धान्त ग्यारहवीं शताब्दी में प्रस्तावित किया गया :**

(1) रामानुज द्वारा (2) बासवन्ना द्वारा

(3) एकनाथ द्वारा (4) सखुबाई द्वारा

**39. भारत में 1772 में स्थापित की गई दीवानी अदालत के संबंध में (A) और (B) कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**(A)** यह एक फ़ौजदारी अदालत थी ।

**(B)** यह यूरोपीयन जिलाधीशों की अध्यक्षता में चलता था ।

(1) (A) सही है, (B) गलत है ।

(2) (A) गलत है, (B) सही है ।

(3) (A) और (B) दोनों सही हैं ।

(4) (A) और (B) दोनों गलत हैं ।

**40. A garisson town refers to :**

(1) Land adjacent to a city that supplies goods to it.

(2) A fortified settlement with soldiers.

(3) A place where goods from different production centres are sold.

(4) A town on an important trading port.

**41. Assertion (A) : It will be 7:30 p.m. in India, when it is 2:00 p.m. in London.**

**Reason (R) : India is located east of Greenwich at 82°30′E.**

**Select the correct option from the given alternatives.**

(1) (A) is true, but (R) is false.

(2) (A) is false, but (R) is true.

(3) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(4) Both (A) and (R) are true, but (R) is not a correct explanation of (A).

**42. Consider the statements A, B, C on time zone and choose the correct answer :**

**A. Some countries have a great longitudinal extent and so they adopted more than one standard time.**

**B. The earth has been divided into twenty-four time zones of one hour each.**

**C. Each time zone covers 15° of longitude.**

(1) A and B are correct and C is incorrect.

(2) A and C are correct and B is incorrect.

(3) B and C are correct and A is incorrect.

(4) A, B, C all are correct.

**40. गैरीसन नगर से अभिप्राय है**

(1) नगर से लगी हुई भूमि जो इसे माल की आपूर्ति करती है ।

(2) किलेबंद बसाव जहाँ सैनिक रहते हैं ।

(3) वह स्थान जहाँ विभिन्न उत्पादन केन्द्रों के माल को बेचा जाता है ।

(4) एक महत्त्वपूर्ण व्यापारिक पत्तन नगर

**41. अभिकथन (A) : जब लंदन में अपराह्न के 2:00 बजे हैं, तो भारत में 7:30 अपराह्न का समय होगा ।**

**कारण (R) : भारत ग्रीनविच के पूर्व में 82° 30′ पू. में स्थित है ।**

**दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए ।**

(1) (A) सही है, परन्तु (R) गलत है ।

(2) (A) गलत है, परन्तु (R) सही है ।

(3) (A) और (R) दोनों सही हैं और (R) सही व्याख्या है (A) की ।

(4) (A) और (R) दोनों सही हैं, परन्तु (R) सही व्याख्या नहीं है (A) की ।

**42. समय क्षेत्र पर दिए गए A, B और C कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :**

**A. कुछ देशों का देशांतरीय विस्तार अधिक होता है जिसके कारण वहाँ एक से अधिक मानक समय अपनाये गये हैं ।**

**B. पृथ्वी को एक-एक घंटे वाले 24 समय क्षेत्रों में बाँटा गया ।**

**C. प्रत्येक समय क्षेत्र 15° देशान्तर तक के क्षेत्र को घेरता है ।**

(1) A और B सही हैं और C गलत है ।

(2) A और C सही हैं और B गलत है ।

(3) B और C सही हैं और A गलत है ।

(4) A, B, C सभी सही हैं ।

**43. Choose the correct arrangement of atmosphere's layers beginning from earth's surface :**

(1) Stratosphere, Mesosphere, Thermosphere, Exosphere, Troposphere

(2) Troposphere, Stratosphere, Mesosphere, Thermosphere, Exosphere

(3) Exosphere, Stratosphere, Mesosphere, Troposphere, Thermosphere.

(4) Mesosphere, Troposphere, Exosphere, Stratosphere, Thermosphere

**44. Seasons occur due to which of the following reasons ?**

(1) Axis of the Earth makes an angle of 66½° with its orbital plane.

(2) Tropic of Capricorn receives direct rays of the sun, falling vertically at 23½° S.

(3) Revolution of the Earth and inclination of its axis in the same direction.

(4) Circle of illumination caused due to rotation of the earth around its axis.

**45. The major constituents of earth's atmosphere by percentage is :**

(1) Oxygen

(2) Carbon dioxide

(3) Nitrogen

(4) Helium

**46. Which of the following statements about ocean currents is/are correct ?**

**A. The cold currents carry water from polar or higher latitudes to tropical or lower latitudes.**

**B. Labrador is a warm current.**

**C. Areas where warm and cold currents meet provide world's best fishing grounds.**

(1) A and B are correct.

(2) A and C are correct.

(3) B and C are correct.

(4) Only A is correct.

**43. पृथ्वी की सतह से शुरू कर वायुमंडल की परतों के सही क्रम का चयन कीजिए :**

(1) समतापमण्डल, मध्यमंडल, बाह्य वायुमंडल, बहिर्मंडल, क्षोभमंडल ।

(2) क्षोभमंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, बाह्य वायुमंडल, बहिर्मंडल ।

(3) बहिर्मंडल, समतापमंडल, मध्यमंडल, क्षोभमंडल, बाह्य वायुमंडल ।

(4) मध्यमंडल, क्षोभमंडल, बाह्यमंडल, समतापमंडल, बाह्य वायुमंडल ।

**44. ऋतुएँ निम्नलिखित कारणों में से किस कारण से होती हैं ?**

(1) पृथ्वी का अक्ष अपने कक्षीय सतह से 66½° का कोण बनाता है ।

(2) मकर रेखा पर सूर्य की सीधी किरणें 23½° द. पर पड़ती हैं ।

(3) पृथ्वी का परिक्रमण और एक ही दिशा में उसके अक्ष का झुका होना ।

(4) पृथ्वी के अपने अक्ष पर इर्द-गिर्द घूर्णन के कारण आभामंडल बनता है ।

**45. प्रतिशत के अनुसार पृथ्वी के वायुमंडल में कौन सा प्रमुख संघटक है ?**

(1) ऑक्सीजन

(2) कार्बन डाइऑक्साइड

(3) नाइट्रोजन

(4) हीलियम

**46. महासागरी धाराओं के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?**

**A. ठण्डी धाराएँ ध्रुवीय अथवा उच्च अक्षांशों से जल को उष्णकटिबंधीय अथवा निम्न अक्षांशों की ओर ले जाती हैं ।**

**B. लेब्राडोर एक गर्म धारा है ।**

**C. जिस स्थान पर गर्म और ठंडी धाराएँ मिलती हैं, वह स्थान विश्व का सर्वोत्तम मत्स्यन क्षेत्र माना जाता है ।**

(1) A और B सही हैं ।

(2) A और C सही हैं ।

(3) B और C सही हैं ।

(4) केवल A सही है ।

**47. The depositional feature of a glacier is called :**

(1) Sea cave
(2) Moraine
(3) Loess
(4) Levees

**48. Statements A and B describe the features of which of the following vegetations ?**

**A. This vegetation is found in the higher latitudes (50º – 70º) of Northern Hemisphere.**

**B. It is also called as Taiga.**

(1) Temperate Grasslands.
(2) Temperate Deciduous Forests.
(3) Coniferous Forests.
(4) Mediterranean Vegetation.

**49. Which of the following is not a feature of the Ganga-Brahmaputra Basin ?**

(1) Ox-Bow lakes dot the plain area.
(2) The density of population of plain area is very high.
(3) The delta area is covered with Mangrove forests.
(4) Slash and Burn agriculture is practiced in this area for land cultivation.

**50. Swimmers can float in Dead sea because :**

(1) Winds blow at a very high speed over the surface of sea water.
(2) More warm currents than cold currents originate in the sea.
(3) The sea experiences more high tides than low tides.
(4) The increased salt content makes the sea dense.

**47. हिमनद के निक्षेपण को कहा जाता है :**

(1) समुद्री गुफा
(2) हिमोढ़
(3) लोयस
(4) तटबंध

**48. कथन A और B निम्नलिखित वनस्पतियों में से किसकी विशेषताओं का वर्णन करते हैं ?**

**A. यह वनस्पति उत्तरी गोलार्ध के उच्च अक्षांशों (50°-70°) में पाई जाती है ।**

**B. इसे टैगा के नाम से भी जाना जाता है ।**

(1) शीतोष्ण घासस्थल
(2) शीतोष्ण पर्णपाती वन
(3) शंकुधारी वन
(4) भूमध्यसागरीय वनस्पति

**49. निम्नलिखित में से कौन सी गंगा-ब्रह्मपुत्र बेसिन की विशेषता नहीं है ?**

(1) मैदानी क्षेत्र में 'ओक्स बो लेक' (चाप झील) चिह्नित हैं ।
(2) मैदानी क्षेत्र में जनसंख्या घनत्व अति अधिक है ।
(3) डेल्टा क्षेत्र मैंग्रूव वनों से आच्छादित है ।
(4) भूमि कृषि के लिए इस क्षेत्र में कर्तन और दहन कृषि की जाती है ।

**50. तैराक मृत सागर में तैर सकते हैं, क्योंकि**

(1) पवनें सागर जल की सतह पर तीव्र गति से चलती हैं ।
(2) इस सागर में ठंडी धाराओं की अपेक्षा गर्म धाराओं की उत्पत्ति अधिक है ।
(3) यह सागर निम्न ज्वार-भाटों की अपेक्षा उच्च ज्वार-भाटों को अधिक अनुभव करता है ।
(4) नमक की मात्रा की अधिकता सागर को सघन बनाती है ।

**51. Consider the statements A and B about land use and choose the correct answer :**

**A. Land use refers to use of land exclusively for agriculture and forestry.**

**B. Land use is primarily determined by its topography.**

(1) A is true and B is false.

(2) A is false and B is true.

(3) Both A and B are true.

(4) Both A and B are false.

**52. Shelter belts help in :**

(1) Checking wind movement to protect soil cover.

(2) Retaining soil moisture.

(3) Slowing down the flow of water over soil.

(4) Preventing gullies and hence further soil loss.

**53. What determines the thickness of soil profile ?**

(1) Relief

(2) Time

(3) Flora-Fauna

(4) Climate

**54. On the basis of their distribution, resources can be classified as :**

(1) Actual and Potential resources

(2) Renewable and Non-renewable resources

(3) Biotic and Abiotic resources

(4) Ubiquitous and Localised resources

**51. भूमि उपयोग के संदर्भ में A और B कथनों पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए।**

**A. भूमि उपयोग से आशय भूमि का केवल कृषि और वन के लिए उपयोग है।**

**B. भूमि उपयोग मुख्यतः अपनी स्थलाकृति के द्वारा निर्धारित होता है।**

(1) A सही है और B गलत है।

(2) A गलत है और B सही है।

(3) A और B दोनों सही हैं।

(4) A और B दोनों गलत हैं।

**52. रक्षक मेखलाएँ मदद करती हैं :**

(1) पवन की गति को रोकथाम कर मृदा आवरण के संरक्षण में।

(2) मृदा में नमी बनाए रखने में।

(3) मृदा के ऊपर से जल के प्रवाह को मंद करने में।

(4) अवनालिकाओं को बनने से रोकने और मृदा क्षय को बचाने में।

**53. मृदा परिच्छेदिका की मोटाई को कौन निर्धारित करता है ?**

(1) उच्चावच

(2) समय

(3) वनस्पतिजात-प्राणिजात

(4) जलवायु

**54. वितरण के आधार पर संसाधनों को वर्गीकृत किया जा सकता है :**

(1) वास्तविक संसाधन और संभाव्य संसाधन

(2) नवीकरणीय संसाधन और अनवीकरणीय संसाधन

(3) जैव संसाधन और अजैव संसाधन

(4) सर्वव्यापक संसाधन और स्थानिक संसाधन

**55. Which of the following statements about a 'diverse society' is correct ?**

(1) It would have differences and inequalities in language, religion and culture.

(2) It would have differences in culture and power.

(3) It would have similarities of language, religion and culture.

(4) It would have differences and similarities in language, culture and religion.

**56. Which of the following statements challenges gender stereotypes ?**

(1) Women are very emotional.

(2) Women are fashion conscious.

(3) Women are responsible bus drivers.

(4) Women are nurturing.

**57. Which of the following composed the main demand of the suffragettes ?**

(1) Right to vote for women.

(2) Right to bureaucratic roles for women.

(3) Adult franchise for propertied women.

(4) Adult franchise for working class.

**55. 'विविध समाज' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों से कौन सा सही है ?**

(1) वह समाज जिसमें भाषा, धर्म और संस्कृति में विभिन्नताएँ और असमानताएँ पाई जाती हों ।

(2) जिसमें संस्कृति और सत्ता में विभिन्नताएँ मिलती हों ।

(3) जिसमें भाषा, धर्म और संस्कृति में समानताएँ होती हों ।

(4) जिसमें भाषा, संस्कृति और धर्म में विभिन्नताएँ और समानताएँ पाई जाती हों ।

**56. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा लिंग (जेंडर) रूढ़िबद्ध धारणा को चुनौती देता है ?**

(1) महिलायें बहुत भावुक होती हैं ।

(2) महिलायें फैशन परस्त होती हैं ।

(3) महिलायें ज़िम्मेवार वाहन चालक होती हैं ।

(4) महिलायें पालन–पोषण करने वाली होती हैं ।

**57. नारी–मताधिकार आंदोलनकारियों की निम्नलिखित में से कौन सी मुख्य माँग है ?**

(1) महिलाओं के लिए मताधिकार ।

(2) महिलाओं के लिए नौकरशाही भूमिका का अधिकार ।

(3) धनी महिलाओं के लिए वयस्क मताधिकार ।

(4) श्रम वर्ग के लिए वयस्क मताधिकार ।

58. **Which of the following statements about Jatakas is correct ?**

(1) These were composed by ordinary people, written down and preserved by Buddhist monks.

(2) These were composed by ordinary people, written down and preserved by Jaina monks.

(3) These were composed by Buddhist monks, written down and preserved by ordinary people.

(4) These were composed by Jaina monks, written down and preserved by ordinary people.

59. **Which of the following statements about Ain-i-Akbari is correct ?**

(1) It is the first volume of the three volume history of Akbar's reign titled Akbar Nama.

(2) It deals with Akbar's ancestors and records the events of Akbar's reign.

(3) It was written by Mirza Hakim, who was one of Akbar's courtiers.

(4) It has rich statistical details about diverse aspects of Akbar's administration.

60. **Who among the following compiled the compositions of Baba Guru Nanak in Gurumukhi, also adding his own compositions to it ?**

(1) Guru Gobind Singh

(2) Guru Angad

(3) Guru Arjan

(4) Guru Teg Bahadur

58. **जातकों के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?**

(1) इनकी रचना सामान्य लोगों द्वारा की गई थी, जिन्हें बौद्ध भिक्षुओं द्वारा लिखा गया और उनका संकलन किया गया ।

(2) इनकी रचना सामान्य लोगों द्वारा की गई थी, जिन्हें जैन साधुओं द्वारा लिखा गया और उनका संकलन किया गया ।

(3) इनकी रचना बौद्ध भिक्षुओं द्वारा की गई थी, जिन्हें सामान्य लोगों द्वारा लिखा गया और उनका संकलन किया गया ।

(4) इनकी रचना जैन साधुओं द्वारा की गई थी, जिन्हें सामान्य लोगों द्वारा लिखा गया और उनका संकलन किया गया ।

59. **आइने-अकबरी के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही है ?**

(1) यह अकबरनामा शीर्षक के अन्तर्गत अकबर के शासन के इतिहास की तीन जिल्दों में से पहली जिल्द है ।

(2) इसमें अकबर के पूर्वजों और अकबर के शासन की घटनाओं का विवरण दिया गया है ।

(3) यह मिर्ज़ा हाकिम द्वारा लिखी गई जो अकबर के दरबारियों में से एक था ।

(4) यह अकबर के प्रशासन के विविध पहलुओं के विषय में संपन्न सांख्यिकीय विवरण प्रस्तुत करता है ।

60. **निम्नलिखित में से किसने अपनी कृतियों को भी शामिल करते हुए बाबा गुरुनानक की रचनाओं को गुरुमुखी में संकलित किया ?**

(1) गुरु गोबिंद सिंह

(2) गुरु अंगद

(3) गुरु अर्जन

(4) गुरु तेग बहादुर

**61.** **Consider List – A and List – B.**

**List – A has different types of rural employment.**

**List – B has different kinds of loans taken.**

| | **List – A** | | **List – B** |
|---|---|---|---|
| **a.** | **Agricultural worker** | **i.** | **Health and off-season consumption** |
| **b.** | **Large farmer** | **ii.** | **Fertiliser, Pesticide, Seeds** |
| **c.** | **Middle farmer** | **iii.** | **Government loan for agro-processing plant** |

**Match items of List – A with List – B, based on most likely reason for loans :**

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii |
| (2) | ii | i | iii |
| (3) | i | iii | ii |
| (4) | iii | i | ii |

**62.** **Which of the following forms the trading arrangement between a weaver and a merchant under the "Putting out" system ? Choose the correct option.**

(1) Yarn is bought for the lowest bid from merchant; and cloth is sold at highest bid.

(2) Yarn is sold to the weaver by the merchant; and weaver makes cloth for self-consumption.

(3) Yarn is supplied by the merchant to the weaver and cloth produced is bought back from weaver at a low price.

(4) Yarn is bought by weaver from the open market and cloth is sold to merchant at a low price.

**61.** **A और B सूची पर विचार कीजिए :**

**सूची – A विभिन्न प्रकार के ग्रामीण रोजगार हैं ।**

**सूची – B विभिन्न प्रकार के ऋण हैं ।**

| | **सूची – A** | | **सूची – B** |
|---|---|---|---|
| **a.** | **कृषीय श्रमिक** | **i.** | **स्वास्थ्य और बेमौसम उपभोग** |
| **b.** | **बड़ा किसान** | **ii.** | **उर्वरक, कीटनाशी, बीज** |
| **c.** | **मध्यम किसान** | **iii.** | **कृषि संसाधन संयंत्र के लिए सरकारी ऋण** |

**सूची – A की मदों का सूची – B की मदों से मिलान (ऋणों के सर्वोचित कारण के आधार पर) कीजिए ।**

| | a | b | c |
|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii |
| (2) | ii | i | iii |
| (3) | i | iii | ii |
| (4) | iii | i | ii |

**62.** **दादन व्यवस्था (Putting out system) के अन्तर्गत बुनकर और सौदागर के बीच निम्नलिखित में से व्यापार का कौन सा रूप है ?**

**सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(1) सौदागर से न्यूनतम बोली पर सूत खरीदा जाता है और कपड़ा ऊँची बोली पर बेचा जाता है ।

(2) सौदागर द्वारा सूत बुनकर को बेचा जाता है, और बुनकर अपनी खपत के लिए कपड़ा बनाता है ।

(3) सौदागर द्वारा सूत की आपूर्ति बुनकर के लिए की जाती है और तैयार कपड़ा बुनकर से कम कीमत पर वापस खरीदा जाता है ।

(4) बुनकर सूत खुले बाजार से खरीदते हैं और कपड़ा कम कीमत पर सौदागर को बेचते हैं ।

63. **Consider the statements A to E. They form jumbled links in a chain of market, wherein 'Ketchup' reaches a consumer.**

**A. Sona orders ketchup from a neighbourhood shop.**

**B. Farmer buys tomato seeds from a local trader.**

**C. Wholesale merchant bids for tomatoes in the vegetable mandi.**

**D. A small city based food processing unit buys tomatoes.**

**E. Marketing company supplies ketchup to stores.**

**Choose the option that represents the correct sequence in the chain of market :**

(1) B, C, D, E, A (2) B, D, E, C, A

(3) C, B, D, E, A (4) A, B, D, C, E

64. **According to Appellate System, a person dissatisfied with the verdict given by the Court of the District Judge could appeal to which of the following courts ?**

(1) Session Court

(2) Supreme Court

(3) High Court

(4) Trial Court

65. **Consider the statements A and B on the Indian Parliament :**

**A. A political party that has any number of Members of Parliament in the Lok Sabha can form a government.**

**B. Lok Sabha, Rajya Sabha and President are part of the Parliament.**

**Choose the correct option :**

(1) Only A is true.

(2) Only B is true.

(3) Both A and B are true.

(4) Both A and B are false.

63. A से E तक के कथनों पर विचार कीजिए, जिसमें टमाटर का केच्चप उपभोक्ता तक पहुँचाती बाजार की शृंखला को आगे-पीछे करके लिखा गया है ।

A. सोना पड़ोसी दूकान से टमाटर का केच्चप ओर्डर करता है ।

B. किसान टमाटर का बीज स्थानीय व्यापारी से खरीदता है ।

C. थोक विक्रेता व्यापारी सब्जी मंडी में टमाटरों के लिए बोली लगाता है ।

D. एक छोटे शहर की खाद्य संस्करण आधारित इकाई टमाटरों को खरीदती है ।

E. विपणन करने वाली कंपनी भंडारों को केच्चप की आपूर्ति करती है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए जो बाज़ार की शृंखला का सही क्रम में प्रतिनिधित्व करता है ।

(1) B, C, D, E, A (2) B, D, E, C, A

(3) C, B, D, E, A (4) A, B, D, C, E

64. कोई व्यक्ति जिला जज के न्यायालय द्वारा दिए गए फैसले से असंतुष्ट हुआ है तो अपील प्रणाली के अनुसार वह निम्नलिखित न्यायालयों में से किसमें अपील कर सकता है ?

(1) सत्र न्यायालय

(2) उच्चतम न्यायालय

(3) उच्च न्यायालय

(4) जाँच न्यायालय

65. भारतीय संसद पर दिए गए A और B कथनों पर विचार कीजिए :

A. कोई भी राजनीतिक दल जिसके पास लोकसभा में कितने भी संसदीय सदस्य हों, वह सरकार बना सकती है ।

B. लोकसभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति संसद के अंग हैं ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A सही है ।

(2) केवल B सही है ।

(3) A और B दोनों सही हैं ।

(4) A और B दोनों गलत हैं ।

66. **Read the statement given below :**
**"The Indian State has many checks and balances to prevent the misuse of powers."**
**Choose the correct option that represents the meaning of 'Indian State' in the above statement.**
(1) The Indian Central Government
(2) The Indian Bureaucracy
(3) Any State Government
(4) The Indian Political System

67. **Which of the following should the teaching of History focus upon ?**
**A. Concepts of plural representations and building a sense of historical diversity.**
**B. Encouraging students to imagine living in the past and relate to the experiences.**
(1) Only A
(2) Only B
(3) Both A and B
(4) Neither A nor B

68. **Two of the statements given below are false. Identify these statements.**
**A. Natural and physical basis of scientific inquiry can be used in Social Science also.**
**B. The teaching of Social Science has the responsibility towards value education only.**
**C. The same methodology can be used to teach different disciplines of Social Science.**
**D. The teaching of Social Science concerns more with involvement with complexities rather than information.**
(1) A and C
(2) B and C
(3) B and D
(4) C and D

66. नीचे दिए गए कथन का पठन कीजिए :
"सत्ता के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए भारतीय राज्य कई 'नियंत्रण और संतुलन' रखता है ।"
ऊपर दिए गए कथन में 'भारतीय राज्य' के अर्थ को प्रदर्शित करने वाले सही विकल्प का चयन कीजिए ।
(1) भारतीय केन्द्रीय सरकार
(2) भारतीय अधिकारी तंत्र
(3) कोई भी राज्य सरकार
(4) भारतीय राजनीतिक व्यवस्था

67. इतिहास का अध्यापन निम्नलिखित में से किस पर केंद्रीभूत होना चाहिए ?
**A.** बहु प्रदर्शनों की संकल्पना और ऐतिहासिक विविधता के भाव का निर्माण ।
**B.** विद्यार्थियों को ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में रहने की परिकल्पना के लिए प्रोत्साहित करना और अनुभवों के साथ जोड़ना ।
(1) केवल A
(2) केवल B
(3) A और B दोनों
(4) A और B में से कोई नहीं

68. निम्नलिखित कथनों में से दो कथन गलत हैं । इन्हें पहचानें ।
**A.** वैज्ञानिक जाँच के प्राकृतिक और भौतिक आधार को सामाजिक विज्ञान में भी प्रयुक्त किया जा सकता है ।
**B.** सामाजिक विज्ञान के अध्यापन में केवल मूल्य आधारित शिक्षा का उत्तरदायित्व है ।
**C.** सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों को पढ़ाने के तरीके समान हैं ।
**D.** सामाजिक विज्ञान का अध्यापन सूचना देने की अपेक्षा जटिलताओं से जूझना है ।
(1) A और C
(2) B और C
(3) B और D
(4) C और D

69. **A Social Science teacher should aim towards :**
(1) Rote memorisation
(2) Building perspective
(3) Syllabus completion
(4) Passing the examinations

70. **Which of the following approaches have been considered while developing social and political life textbooks ?**
**A. Learning through use of concrete examples and experiences.**
**B. Learning through retention based on facts and data.**
(1) Only A
(2) Only B
(3) Both A and B
(4) Neither A nor B

71. **Which of the following is true about Social Science ?**
**A. Memorising information will lead to conceptual development.**
**B. The status of a 'fact' is always fixed.**
(1) Only A
(2) Only B
(3) Both A and B
(4) Neither A nor B

72. **The best practice for sensitising students towards wildlife conservation would be :**
(1) Reading about relevant policies and laws.
(2) Preparing a play on wildlife conservation.
(3) Observing wildlife week at the school.
(4) Pledging not to buy animal based products.

69. **एक सामाजिक विज्ञान अध्यापक/अध्यापिका का निम्न में से कौन सा लक्ष्य होना चाहिए ?**
(1) कंठस्थ कराना ।
(2) सापेक्ष महत्त्व का निर्माण कराना ।
(3) पाठ्यचर्या को पूरा करना ।
(4) परीक्षा उत्तीर्ण कराना ।

70. **सामाजिक और राजनीतिक जीवन की पाठ्य-पुस्तकों को विकसित करते समय निम्नलिखित उपागमों में से किसे उपयुक्त समझा गया है ?**
**A. प्रत्यक्ष उदाहरणों तथा अनुभवों से सीखना**
**B. तथ्यों और आँकड़ों का स्मरण आधारित सीखना**
(1) केवल A
(2) केवल B
(3) A और B दोनों
(4) A और B में से कोई नहीं

71. **निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सामाजिक विज्ञान के बारे में सही है ?**
**A. जानकारी का स्मरण करने से अवधारणात्मक विकास होता है ।**
**B. 'तथ्य' का स्तर सदैव निश्चित होता है ।**
(1) केवल A
(2) केवल B
(3) A और B दोनों
(4) A और B में से कोई नहीं

72. **वन्य-जीवन संरक्षण के लिए विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाने के लिए सर्वोत्तम अभ्यास कौन सा है ?**
(1) संदर्भित नीतियों और कानूनों के बारे में पठन करना ।
(2) वन्य-जीवन संरक्षण पर नाटक तैयार करना ।
(3) विद्यालय में वन्य-जीवन सप्ताह को मनाना ।
(4) पशु आधारित उत्पादों को न खरीदने की प्रतिज्ञा लेना ।

**73. What is the main purpose of an Open-Book Evaluation ?**

(1) Students need not feel the burden to rote memorise all facts and details.

(2) Teachers need not undergo extra pressure to frame new questions.

(3) Students need not read extra books.

(4) Students can answer exactly according to the textbook.

**74. Which of the following would be the best closure tasks after the teaching of the theme 'The Making of Regional Cultures' ?**

**A. Small group projects**

**B. Dance performance by an expert**

**C. Quiz competition**

**D. Collage making**

(1) A, B, C

(2) A, B, D

(3) A, C, D

(4) B, C, D

**75. Imagine you have inherited a kingdom. How would you make your kingdom stable and prosperous ?**

**In context of the above question, as a teacher which skill would you emphasise upon while assessing the students ?**

(1) Comparing experiences.

(2) Ability to analyse.

(3) Infer and extrapolate from situation.

(4) Ability to reason.

**76. A respectful way to introduce the theme 'Adivasis' would be to :**

(1) Portraying them as rich and powerful forest people.

(2) Showcasing their colourful costumes.

(3) Screening a tribal song and dance.

(4) Discussing their primitive and rustic pasts.

**73. खुली–किताब मूल्यांकन का मुख्य उद्देश्य क्या है ?**

(1) विद्यार्थियों पर सभी तथ्यों और विवरणों को कंठस्थ करने का भार अनुभव नहीं होगा ।

(2) अध्यापकों को नये प्रश्न बनाने का दबाव नहीं रहेगा ।

(3) विद्यार्थियों को अतिरिक्त पुस्तकों को पढ़ने की आवश्यकता नहीं रहेगी ।

(4) विद्यार्थी उत्तर ठीक पाठ्यपुस्तकों के अनुसार कर सकते हैं ।

**74. 'क्षेत्रीय संस्कृतियों का निर्माण' विषय के शिक्षण के पश्चात, समापन स्वरूप कौन–कौन से कार्य सर्वाधिक उचित रहेंगे ?**

**A. छोटे समूह की परियोजनाएँ**

**B. विशेषज्ञ द्वारा नृत्य प्रस्तुति**

**C. प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता**

**D. समुच्चित चित्र (कोलाज) बनाना**

(1) A, B, C

(2) A, B, D

(3) A, C, D

(4) B, C, D

**75. कल्पना कीजिये आपको एक साम्राज्य वंशागत में मिला है । आप अपने साम्राज्य को किस प्रकार स्थायी और संपन्न बना सकेंगे ?**

**ऊपर दिए गए प्रश्न के संदर्भ में, एक अध्यापक के रूप में आप विद्यार्थियों को जाँचते वक्त किस कुशलता पर बल देंगे ?**

(1) अनुभवों की तुलना

(2) विश्लेषण करने की क्षमता

(3) परिस्थितियों का अनुमान एवं निष्कर्ष

(4) तर्क करने की क्षमता

**76. 'आदिवासी' विषयक परिचय कराने के लिए सर्वोत्तम सम्मानजनक नीति होगी :**

(1) उन्हें सम्पन्न और शक्तिशाली वनवासी के रूप में चित्रित करना ।

(2) उनकी रंगीन वेशभूषा को प्रदर्शित करना ।

(3) जनजातीय गानों और नृत्यों को पर्दे पर दिखाना ।

(4) उनके आदिम और देहाती भूतकाल पर चर्चा करना ।

**77. While teaching controversial issues in Social Science class, you should :**

(1) Completely avoid confrontations.

(2) Take them up occassionally and conduct brief discussions.

(3) Take them up with proper planning to initiate a dignified discussion.

(4) Keep in mind students' background and discuss only non-hurtful aspects.

**78. The teaching of social and political life should focus on :**

**A. Study of Political Institutions.**

**B. Study of Basic Principles.**

(1) Only A (2) Only B

(3) Both A and B (4) Neither A nor B

**79. While planning a small group activity with students, which of the following should be emphasised ?**

**A. To create a challenging task.**

**B. To teach students to work together.**

**C. To select groups thoughtfully.**

**D. Completion of task.**

(1) A, B, C (2) A, B, D

(3) A, C, D (4) B, C, D

**80. Which of the following statements are true about the study of Social Science ?**

**A. Helps in systemic analysis of issues.**

**B. Students will grow up and find out for themselves.**

**C. Focus should be on subject details rather than understanding.**

**D. Building sensitivity and curiosity as much as providing information.**

(1) A, C (2) A, D

(3) B, D (4) C, D

**81. The writings of the following cannot be attributed as a primary source ?**

(1) Muzaffar Alam

(2) Abul Fazl

(3) Rashsundari Devi

(4) Ziyauddin Barani

**77. जब विवादास्पद मामलों को सामाजिक विज्ञान कक्षा में पढ़ा रहे हैं, आपको :**

(1) मुकाबला करने से पूरी तरह बचना चाहिए ।

(2) समय-समय पर इन्हें उठाना चाहिए और संक्षिप्त चर्चा करनी चाहिए ।

(3) सही योजना के साथ सम्मानजनक चर्चा की पहल करनी चाहिए ।

(4) विद्यार्थियों की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए केवल ठेस न पहुँचाने वाले पहलुओं पर चर्चा करनी चाहिए ।

**78. 'सामाजिक और राजनीतिक जीवन' अध्यापन का केन्द्र बिंदु होना चाहिए**

**A. राजनीतिक संस्थानों का अध्ययन**

**B. मूलभूत सिद्धान्तों का अध्ययन**

(1) केवल A

(2) केवल B

(3) A और B दोनों

(4) A और B में से कोई नहीं

**79. विद्यार्थियों के साथ एक छोटे समूह में योजना बनाते समय निम्न में से किस पर अधिक बल होना चाहिए ?**

**A. एक चुनौतीपूर्ण कार्य की रचना ।**

**B. विद्यार्थियों को साथ काम करना सिखाना ।**

**C. समूहों का विचारपूर्वक चयन करना ।**

**D. कार्य की पूर्ति करना ।**

(1) A, B, C (2) A, B, D

(3) A, C, D (4) B, C, D

**80. सामाजिक विज्ञान के अध्ययन के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं ?**

**A. समस्याओं के क्रमबद्ध विश्लेषण करने में मदद करता है ।**

**B. विद्यार्थी बड़े होंगे और अपने आप जानकारी ढूँढ़ लेंगे ।**

**C. समझने की अपेक्षा विषय की विस्तृत जानकारी पर बल होना चाहिए ।**

**D. दी गई जानकारी के साथ संवेदनशीलता और जिज्ञासा पैदा करना ।**

(1) A, C (2) A, D

(3) B, D (4) C, D

**81. निम्नलिखित में से किसके लेखन को प्राथमिक स्रोत के रूप में माना नहीं जा सकता है ?**

(1) मुज्ज़फ़र आलम

(2) अबुल फ़ज़ल

(3) राससुंदरी देवी

(4) ज़ियाउद्दीन बरनी

**82. Which of the following sources would be wrong to use if you have to introduce Ancient Indian History ?**

(1) Cave paintings
(2) Miniature Paintings
(3) Inscriptions
(4) Manuscripts

**83. Which of the following can a Social Science teacher critically address while discussing the theme, 'Advertisement' ?**

**A. Appeal to the personal emotions.**

**B. Issues of equality.**

(1) Only A (2) Only B
(3) Neither A nor B (4) Both A and B

**84. 'Discuss few more reasons that are responsible for changes in land use pattern.'**

**In context of the above question, as a Social Science teacher you would be assessing students' skill of :**

(1) Classifying (2) Generalising
(3) Inferring (4) Hypothesising

**85. To familiarise students with the theme, 'Natural Vegetation and Wildlife', which would be the best pedagogical method ?**

(1) Screening a documentary on the theme.
(2) Visit to a wildlife sanctuary.
(3) Inviting an expert for a lecture.
(4) Textbook reading and discussion.

**86. What is the role of cartoons in a Social Science textbooks ?**

(1) No role as cartoons are immature.
(2) Mainly used as fillers so that textbooks look attractive.
(3) Makes class enjoyable as the subject is boring.
(4) Raises basic issues and makes it relatable to students.

**82. यदि आपको प्राचीन भारतीय इतिहास पढ़ाना प्रारम्भ करना है तो निम्नलिखित स्रोतों में से किस स्रोत को प्रयुक्त करना गलत होगा ?**

(1) गुफा चित्रकारी
(2) लघु चित्रकारी
(3) शिलालेख
(4) हस्तलिपियाँ

**83. 'विज्ञापन' की विषय-वस्तु पर चर्चा करते समय सामाजिक विज्ञान के अध्यापिका द्वारा निम्न में से कौन से उप-विषय वस्तुओं पर आलोचनात्मक चर्चा कर सकते हैं ?**

**A. व्यक्तिगत भावनाओं के प्रति अपील**

**B. समता के मुद्दे**

(1) केवल A
(2) केवल B
(3) A और B में से कोई नहीं
(4) A और B दोनों

**84. 'भू-उपयोग प्रतिरूप के परिवर्तन के उत्तरदायी कुछ और कारणों पर चर्चा कीजिए ।'**
**ऊपर दिए गए प्रश्न के संदर्भ में एक सामाजिक विज्ञान के अध्यापक के रूप में आप विद्यार्थियों की किस कुशलता का मूल्यांकन कर रहे होंगे ?**

(1) वर्गीकरण करना ।
(2) सामान्यीकरण करना ।
(3) परिणाम निकालना ।
(4) परिकल्पना करना ।

**85. 'प्राकृतिक वनस्पति और वन्य-जीवन' विषयवस्तु से छात्रों को परिचित कराने के लिये सर्वोत्तम शैक्षणिक विधि क्या होगी ?**

(1) विषयवस्तु पर डाक्यूमेन्टरी फिल्म दिखाना ।
(2) वन्यजीवन अभयारण्य का भ्रमण ।
(3) व्याख्यान के लिए विशेषज्ञ को आमंत्रित करना ।
(4) पाठ्यपुस्तक का पठन एवं चर्चा ।

**86. सामाजिक विज्ञान की पाठ्यपुस्तकों में कार्टून की क्या भूमिका है ?**

(1) कोई भूमिका नहीं, कार्टून अपरिपक्व हैं ।
(2) भरपाई करने के रूप में प्रयुक्त इससे पाठ्य-पुस्तक आकर्षित दिखती हैं ।
(3) कक्षा को आनंददायक बनाते हैं क्योंकि विषय नीरस है ।
(4) मूलभूत मामलों को उठाकर विद्यार्थियों को इनसे जोड़ना

**87. Consider statements A and B on the practice of apartheid :**

**A. It discriminates between races but allowed all the right to vote.**

**B. It prevents mingling of races but gives equitable public facilities to all.**

**Choose the correct option :**

(1) Only A is true.

(2) Only B is true.

(3) Both A and B are true.

(4) Both A and B are false.

**88. Who among the following occupies elected office in a Gram Panchayat ?**

**A. Sarpanch**

**B. Ward Members**

**C. Secretary**

**D. Gram Sabha Member**

**Choose the correct option :**

(1) A and B (2) A and C

(3) A, B and C (4) B, C and D

**89. Which of the following work is the responsibility of a 'Patwari' ?**

(1) Construction and maintenance of common property.

(2) Executing employment schemes for land development.

(3) Preventing land disputes by investigating complaints.

(4) Measuring land and keeping records.

**90. Which of the following statements on the functioning of a local urban administration is correct ?**

(1) Commissioner of a municipal corporation makes and decides the budget for the year.

(2) Commissioner is elected by ward councillors and reports to him/her.

(3) Ward councillors form committees to resolve issues of governance.

(4) Ward councillors are headed by the Sarpanch.

87. रंग-भेद की प्रथा पर दिए गए **A** और **B** कथनों पर विचार कीजिए :

**A.** यह प्रथा जातियों के बीच भेद-भाव करती है, परन्तु सभी को मत देने की अनुमति प्रदान करती है ।

**B.** यह प्रथा जातियों को एक-दूसरे से मिलने से रोकती है, परन्तु सभी को समान रूप से सार्वजनिक सुविधाएँ प्रदान करती है ।

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) केवल A सही है ।

(2) केवल B सही है ।

(3) A और B दोनों सही हैं ।

(4) A और B दोनों गलत हैं ।

88. निम्नलिखित में से कौन ग्राम पंचायत में चुनकर आते हैं और कार्य संभालते हैं ?

**A.** सरपंच

**B.** वार्ड के सदस्य

**C.** सचिव

**D.** ग्राम सभा सदस्य

सही विकल्प का चयन कीजिए :

(1) A और B (2) A और C

(3) A, B और C (4) B, C और D

89. निम्नलिखित कार्यों में से पटवारी / लेखपाल का उत्तरदायित्व कौन सा है ?

(1) सामूहिक सम्पत्ति का निर्माण और रख-रखाव ।

(2) भूमि विकास के लिए रोजगार योजनाओं को लागू करना ।

(3) शिकायतों की जाँच-पड़ताल के द्वारा भूमि संबंधी विवादों को रोकना ।

(4) भूमि मापन और आलेखों को सुरक्षित रखना ।

90. निम्नलिखित कथनों में कौन सा कथन स्थानीय शहरी प्रशासन के कार्य के संदर्भ में सही है ?

(1) नगर निगम का आयुक्त वर्ष का बजट बनाता है और निर्णय लेता है ।

(2) वार्ड के पार्षदों द्वारा आयुक्त चुना जाता है और उसे रिपोर्ट करते हैं ।

(3) शासन के मामलों के हल के लिए वार्ड पार्षदों की समितियाँ बनती हैं ।

(4) वार्ड पारिषदों का सरपंच मुखिया होता है ।

## PART – IV
## LANGUAGE – I
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – IV (Q. No. 91-120),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – I** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions (91 – 99) that follow by selecting the correct/most appropriate options :**

**There's an air of excitement on the platform as the train's departure time draws close. You've found your name on the passenger's list, together with the names of those in the compartment with you; so you already know your 'fellow passengers' names, ages, sex and destination. People are pushing past you to get on, as you show your coupon to the conductor and he tells you to board.**

**Your fellow passengers are settling in, staking out their claims to territory with too much luggage. A bell clangs but there is no slamming of carriage doors, no blowing of whistles and no shout of "All aboard !'' as in the states. The train simply draws out of the station while people stroll alongside and with studied nonchalance, clamber on, one after the other through the still-open doors.**

**You claim your own seat, pleased to be on the move. Since you have a long journey ahead in the company of strangers, what happens next will govern your enjoyment of the trip. You can start up a conversation and make friends, allies quickly, or he anti-social and lonely for the whole of the journey. Of course, it depends on your personality but if you are travelling alone you'll need an ally, someone you feel you can trust to watch your luggage when you go to the washroom. You can't isolate yourself completely on a train so if that's your style, train travel isn't for you.**

**I get a thrill out of the start of every train journey. It's not just the excitement of moving on to a new place, there's the anticipation of what's going to happen during the journey; the pleasure at the new acquaintances I'm going to make; the dissolving of city skyline into lush, rural landscape beyond the windows; and the heightened emotions of everyone on board. Indians love to travel by train; they are used to it and prepare properly so it becomes a picnic on wheels. I get excited when I am part of it, you will too.**

**91. Even after the train has started moving why do some people stroll alongside ?**

(1) They reached the platform late.

(2) They want to enjoy the outside scene.

(3) They enjoy getting into a moving train.

(4) The doors are still open.

**92. What can prevent you from enjoying your train trip ?**

(1) There are strangers around you.

(2) You are lonely by temperament.

(3) You are worried about your luggage.

(4) The travellers around you don't trust you.

**93. Which of the following statements is NOT TRUE ?**

(1) The narrator enjoys going to a new place.

(2) He/she loves to make friends.

(3) He/she does not enjoy a picnic in the train.

(4) He/she is thrilled at the scene outside.

**94. What does the word 'Coupon' here mean ?**

(1) a railways pass

(2) a passport

(3) a railway ticket

(4) a counterfoil

**95. The phrase, 'draws out' as used here means :**

(1) clears out

(2) moves out

(3) hurries out

(4) breaks away

**96. Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?**

**People are pushing <u>past</u> you.**

(1) Preposition

(2) Adverb

(3) Adjective

(4) Verb

**97. Which part of the following sentence has an error in it ?**

"Once you have made this decision (a) there would be (b) no going back" (c), Ram warned me (d).

(1) (a)

(2) (b)

(3) (c)

(4) (d)

**98. You are well informed about your fellow passengers :**

(1) even before you have entered the compartment.

(2) after you have been introduced to them.

(3) after you have interacted with them.

(4) When you have settled in your seats.

**99. Who stake a claim to territory in the compartment ?**

(1) Those who need more space in it.

(2) Those whose seats are already occupied.

(3) Those who don't travel light.

(4) Those who haven't reserved seats.

**Directions : Read the extract given below and answer the questions (100 – 105) by selecting the correct/most appropriate options :**

**The work of hunters is another thing :**
**I have come after them and made repair**
**Where they have left not one stone on a stone,**
**But they would have the rabbit out of hiding,**
**To please the yelping dogs. The gaps I mean,**
**No one has seen them made or heard them made,**
**But at spring mending-time we find them there.**
**I let my neighbour know beyond the hill;**
**And on a day we meet to walk the line**
**And set the wall between us once again.**
**We keep the wall between us as we go.**
**To each the boulders that have fallen to each.**
**And some are loaves and some so nearly balls**
**We have to use a spell to make them balance :**
**'Stay where you are until our backs are turned !'**

**100. The gaps in the wall are made by :**

(1) rabbits

(2) dogs

(3) hunters

(4) nature

**101. The neighbours meet in the spring season to :**

(1) fill the gaps in the wall.

(2) to go on a long walk.

(3) to find out who broke the wall.

(4) to lift the stones.

**102. The neighbours have to use a spell to :**

(1) look for the rabbits.

(2) to count the number of stones.

(3) to make the stones obey them.

(4) to fix the irregular stones in the wall.

**103. The figure of speech used in the lines 9-10 is :**

(1) Personification

(2) Metaphor

(3) Simile

(4) Irony

**104. Identify the figure of speech used in the expression :**

**'And some are loaves and some so nearly balls'**

(1) Simile

(2) Metaphor

(3) Personification

(4) Irony

**105. The hunters' main aim is :**

(1) to remove the stones.

(2) to please their dogs.

(3) to catch the rabbits.

(4) to make the neighbours build the wall again.

**Answer the following questions (Q Nos. 106 to 120) by selecting the most appropriate option out of the given options.**

**106. A teacher along with her learners writes the names of objects in the classroom (like door, black board, windows etc) in their mother tongue and in English on pieces of paper and pastes them on the objects for learners to notice the words. What is the teacher trying to do ?**

(1) The teacher wants her learners to write well.

(2) The teacher is creating a (print) language rich environment in the classroom.

(3) The teacher is trying to teach letters of alphabet.

(4) The teacher is creating a situation for the students to learn the spelling of the words.

**107. This is assumed to be a major difference between language acquisition and learning.**

(1) Language acquisition is natural and language learning is deliberate/instructed.

(2) Language acquisition happens at an early stage while language learning takes place later.

(3) Language acquisition always happens in mother tongue and language learning happens in the second language.

(4) Language acquisition is meaning formation and language learning is making meaning.

**108. LAC stands for**

(1) Language Acquisition Culture

(2) Languages Across the Cultures

(3) Language Acquisition of Content

(4) Language Across the Curriculum

**109. Many minor and tribal languages are not available in school curriculum and the number of speakers is receding in those languages. What is this known as in socio educational linguistics ?**

(1) Language death

(2) Language minority in education

(3) Language endangerment

(4) Language revival

**110. A teacher asks her learners to find words and word chunks relating to different themes based on the reading lesson. Learners in groups have to make word charts of the same category. What is this strategy known as ?**

(1) Thematic language teaching

(2) Word collocations

(3) Communicative language teaching

(4) A writing project

**111. A student reads through an article in a newspaper to get the overall idea of the article. What is this (practice) known as ?**

(1) Scanning

(2) Skimming

(3) Top-down model

(4) Bottom-up model

**112. Sight words are developed**

(1) by seeing them on sight.

(2) by teachers from text books.

(3) by using words in meaningful contexts

(4) by knowing meanings of difficult words.

**113. Language is**

(1) a rule governed system

(2) a structure formed system

(3) a formation of words, rules and meanings

(4) a human system which changes frequently

**114. 'Comprehensible input' as proposed by Krashen (1985) is**

(1) enabling learners to comprehend ideas.

(2) exposing learners to language somewhat above their level.

(3) exposing learners to language below their level so that they can comprehend.

(4) enabling learners to read in many languages.

**115. Extensive reading is**

(1) reading in detail every word and idea for deep understanding.

(2) reading for facts.

(3) reading to write.

(4) reading for pleasure and overall understanding of the text.

**116. A teacher keeps the students' work of language use and uses it for assessing the learners' achievement. What is this strategy for assessment known as ?**

(1) Portfolio assessment

(2) Diagnostic test

(3) CCE

(4) Summative assessment

**117. A teacher brought real life objects like a hammer, a screw driver and so on to her class. She asked her learners to describe the objects in five to seven sentences. What are the materials in language teaching known as ?**

(1) Teaching implements

(2) Tools

(3) Language input

(4) Realia

**118. Mother tongue based multilingualism advocates that**

(1) all learners learn in mother tongue only in primary school.

(2) learners begin their schooling in mother tongue and move on to add many (at least two) languages in school.

(3) learners begin with their state language and more on to English medium.

(4) learners learn their mother tongue, Hindi and English from Class-I.

**119. Which of the following statements are true of teaching of grammar ?**

**A. Teaching of rules at the initial stage does not lend much to language learning.**

**B. Rules of grammar are essential during the formative years of language learning.**

**C. Grammar teaching should move from meaning to form.**

**D. Grammar teaching should move from form to meaning.**

(1) Statements B and D are true.

(2) Statements C and B are true.

(3) Statements A and C are true.

(4) Statements A and D are true.

**120. A teacher draws the attention of learners to individual sounds, words and then sentences while teaching the listening skill. What approach to listening does the teacher adopt ?**

(1) Top-down approach

(2) Elastic approach

(3) Communicative approach

(4) Bottom-up approach

## भाग – IV
## भाषा – I
## हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी **भाग – IV (प्र.सं. 91 से 120)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा** – I का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न 91 से 99 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

आज शिक्षक की भूमिका उपदेशक या ज्ञानदाता की–सी नहीं रही । वह तो मात्र एक प्रेरक है कि शिक्षार्थी स्वयं सीख सकें । उनके किशोर मानस को ध्यान में रखकर शिक्षक को अपने शिक्षण कार्य के दौरान अध्ययन–अध्यापन की परंपरागत विधियों से दो कदम आगे जाना पड़ेगा, ताकि शिक्षार्थी समकालीन यथार्थ और दिन–प्रतिदिन बदलते जीवन की चुनौतियों के बीच मानव–मूल्यों के प्रति अडिग आस्था बनाए रखने की प्रेरणा ग्रहण कर सके । पाठगत बाधाओं को दूर करते हुए विद्यार्थियों की सहभागिता को सही दिशा प्रदान करने का कार्य शिक्षक ही कर सकता है ।

भाषा शिक्षण की कोई एक विधि नहीं हो सकती । जैसे मध्यकालीन कविता में अलंकार, छंदविधान, तुक आदि के प्रति आग्रह था किंतु आज लय और प्रवाह का महत्त्व है । कविता पढ़ाते समय कवि की युग चेतना के प्रति सजगता समझना आवश्यक है । निबंध में लेखक के दृष्टिकोण और भाषा–शैली का महत्त्व है और शिक्षार्थी को अर्थग्रहण की योग्यता का विकास जरूरी है । कहानी के भीतर बुनी अनेक कहानियों को पहचानने और उन सूत्रों को पल्लवित करने का अभ्यास शिक्षार्थी की कल्पना और अभिव्यक्ति कौशल को बढ़ाने के लिए उपयोगी हो सकता है । कभी–कभी कहानी का नाटक में विधा परिवर्तन कर उसका मंचन किया जा सकता है ।

मूल्यांकन वस्तुत: सीखने की ही एक प्रणाली है, ऐसी प्रणाली जो रटंत प्रणाली से मुक्ति दिला सके । परंपरागत साँचे का अनुपालन न करे, अपना ढाँचा निर्मित कर सके । इसलिए यह गाँठ बाँध लेना आवश्यक है कि भाषा और साहित्य के प्रश्न बँधे–बँधाए उत्तरों तक सीमित नहीं हो सकते । शिक्षक पूर्वनिर्धारित उत्तर की अपेक्षा नहीं कर सकता । विद्यार्थियों के उत्तर साँचे से हटकर किंतु तर्क संगत हो सकते हैं और सही भी । इस खुलेपन की चुनौती को स्वीकारना आवश्यक है ।

**91. आधुनिक कविता में महत्त्वपूर्ण है**
(1) छंद और अलंकार
(2) भाषा और शैली
(3) मानवीकरण और बिंबविधान
(4) लय और प्रवाह

**92. कहानी के द्वारा लेखन विद्यार्थियों में कल्पनाशीलता और अभिव्यक्ति की कुशलता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण गतिविधि हो सकती है**
(1) कहानी का वाचन
(2) कहानी का विधा–परिवर्तन
(3) निहित कथासूत्रों का पल्लवन
(4) कहानी को मौखिक सुनाने का अभ्यास

**93. मूल्यांकन के बारे में सत्य नहीं है**
(1) रटंत का अंत करता है ।
(2) इसका निश्चित ढाँचा होता है ।
(3) उत्तर पहले से निर्धारित नहीं होते ।
(4) यह सीखने की ही एक विधि है ।

**94. समास की दृष्टि से कौन–सा पद शेष से भिन्न है ?**
(1) दिन–प्रतिदिन (2) भाषा–शिक्षण
(3) अर्थ–ग्रहण (4) युग–चेतना

**95. 'विद्यार्थी' के लिए अनुच्छेद में प्रयुक्त अन्य पर्यायवाची शब्द हैं –**
(1) अध्यापक, अध्येता
(2) शिक्षार्थी, छात्र
(3) सहभागी, परीक्षार्थी
(4) किशोर, मानस

**96. 'सहभागिता' शब्द का निर्माण किस उपसर्ग और प्रत्यय से हुआ है ?**
(1) स ता
(2) सह ता
(3) स इता
(4) सह इता

97. अनुच्छेद में प्रयुक्त 'समकालीन' शब्द का सबसे उपयुक्त अर्थ होगा
(1) आधुनिक
(2) आकस्मिक
(3) समसामयिक
(4) वर्तमान

98. कौन-सा कथन आज के शिक्षक की भूमिका के बारे में सत्य नहीं है ?
(1) शिक्षक प्रेरक है, ज्ञानदाता नहीं ।
(2) परंपरागत शिक्षण विधियों को छोड़ा नहीं जा सकता ।
(3) शिक्षक विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करता है ।
(4) मानव मूल्यों पर उसकी आस्था अडिग होती है ।

99. शिक्षक से किस प्रकार की बाधाएँ दूर करने की अपेक्षा की गई है ?
(1) पाठ पढ़ाते हुए आने वाली
(2) पाठ-प्रस्तुति से संबंधित
(3) पाठ के भीतर से उभरने वाली
(4) पाठ्यक्रम से जुड़ी हुई

**निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं. 100 से 105 तक) के उत्तर दीजिए :**

आकाश का साफ़ा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अंधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा

अचानक बोला मोर
जैसे किसी ने आवाज दी –
'अजी सुनते हो ।'
चिलम औंधी
धुआँ उठा
सूरज डूबा
अँधेरा छा गया ।

100. पलाश वन को अँगीठी कहा गया है क्योंकि
(1) पलाश ग्रीष्म ऋतु में फूलता है ।
(2) जंगल में आग लगी होती है ।
(3) पलाश की लकड़ी जलाने के काम आती है ।
(4) खिले पलाश के वन आग के समान दिखते हैं ।

101. अंधकार के सिमटकर बैठे होने का कारण है
(1) अभी सूर्योदय नहीं हुआ ।
(2) किसान आग सेंक रहा है ।
(3) अभी सूर्यास्त नहीं हुआ ।
(4) स्थान का अभाव है ।

102. अचानक तुरत-फुरत घटनाएँ होने का कारण है
(1) 'सुनते हो' की आवाज़
(2) सूरज का डूबना
(3) अँधेरा छा जाना
(4) भेड़ों का बिखर जाना

103. "सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा" – किस विकल्प में सभी शब्द 'गल्ला' के समानार्थी हैं ?
(1) समूह, भीड़, दर्शक, झुंड
(2) गल्ला, सौदा, माल, गोदाम
(3) रेवड़, झुंड, भीड़, रेला
(4) भीड़भाड़, रेलमपेल, भगदड़, झुरमुट

104. कविता में दो समानार्थी शब्द हैं :
1. अंधकार
2. अँधेरा
इन दोनों के बारे में कौन-सा कथन सत्य है ?
(1) दोनों तत्सम हैं ।
(2) दोनों तद्भव हैं ।
(3) पहला तद्भव है ।
(4) दूसरा तद्भव है ।

105. शाम का सजीव चित्रण करने के लिए किस रूपक को अनुपयुक्त माना जा सकता है ?
(1) सूरज की चिलम
(2) आकाश का साफ़ा
(3) मोर की आवाज़
(4) जंगल की अँगीठी

106. उच्च प्राथमिक स्तर पर व्याकरण सिखाने की किस विधि को आप सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण एवं उपयोगी पाते हैं ?

(1) आगमन विधि
(2) निगमन विधि
(3) पाठ्य-पुस्तकीय विधि
(4) अनुवाद विधि

107. उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा शिक्षण का उद्देश्य नहीं है

(1) निजी अनुभवों के आधार पर भाषा का सृजनशील प्रयोग
(2) भाषा के व्याकरणिक बिंदुओं की परिभाषाओं को जानना
(3) भाषा की बारीकी और सौंदर्य बोध को समझने की क्षमता का विकास
(4) विभिन्न साहित्यिक विधाओं की समझ का विकास

108. 'भाषा की नियमबद्ध प्रकृति को पहचानना और उसका विश्लेषण करना ।' – उच्च प्राथमिक स्तर पर भाषा शिक्षण का _______

(1) उद्देश्य है ।
(2) उद्देश्य नहीं है ।
(3) एकमात्र उद्देश्य है ।
(4) मुख्य उद्देश्य है ।

109. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों के भाषा-विकास के लिए जरूरी है कि _______ समृद्धि का भाषा, _______ व अन्य विषयगत शिक्षण युक्ति में उपयोग किया जाए ।

(1) साहित्य, कला
(2) कलात्मक, साहित्य
(3) भाषिक, साहित्य
(4) परिवेश, भाषिक

110. 'उच्च प्राथमिक स्तर की हिंदी भाषा की पाठ्य-पुस्तकों में हिंदीतर भाषा को भी जगह मिलनी चाहिए ।' – इस कथन का औचित्य नहीं है ।

(1) हिंदीतर भाषियों के आक्रोश को शांत करना ।
(2) हिंदीतर भाषा के साहित्य से परिचित कराना ।
(3) हिंदीतर भाषाओं की रचना – शैलियों से परिचित कराना ।
(4) हिंदीतर भाषाओं के माध्यम से संवेदनाओं को विस्तार देना ।

111. विद्यार्थियों की पढ़ने में रुचि जगाने एवं भाषा-ज्ञान में वृद्धि के लिए पाठ्य-पुस्तक के अतिरिक्त _______ ।

(1) शैक्षिक भ्रमण का अधिकाधिक आयोजन किया जाना चाहिए ।
(2) पाठ्यचर्या सहगामी क्रियाओं का अधिकाधिक आयोजन किया जाना चाहिए ।
(3) समाचार-पत्र, पोस्टर का निर्माण करवाया जाना चाहिए ।
(4) पठन सामग्री विकसित की जा सकती है ।

112. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों के भाषायी आकलन की दृष्टि से सबसे महत्त्वपूर्ण प्रश्न है

(1) मोर-मोरनी के नाम किस आधार पर रखे गए हैं ?
(2) वसंत ऋतु में नीलकंठ के लिए जालीघर में बंद रहना असहनीय क्यों हो जाता था ?
(3) लेखिका को नीलकंठ की कौन-कौन-सी चेष्टाएँ बहुत भाती थीं ?
(4) नीलकंठ की नृत्य-भंगिका को अपने शब्द-चित्र में प्रस्तुत कीजिए ।

113. भाषा अर्जित करने के संदर्भ में _______ सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है –

(1) भाषिक पठन–सामग्री

(2) समृद्ध भाषा–परिवेश

(3) संचार माध्यमों का अधिक प्रयोग

(4) विद्यालयी परीक्षा–प्रक्रिया

114. बहुभाषिक कक्षा में बच्चों की भाषाओं को स्थान देने के लिए आवश्यक है कि

(1) शिक्षक बच्चों की भाषाओं का ही प्रयोग करे ।

(2) शिक्षक बच्चों को उनकी भाषाओं में ही व्यवहार करने के लिए कहे ।

(3) शिक्षक बच्चों के मातृभाषा–प्रयोग को स्वीकार करे ।

(4) शिक्षक बच्चों की मातृभाषाओं में गीत–कविता सुने ।

115. आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली रूबीना लिखने में बेहद कठिनाई का अनुभव करती है । संभव है कि वह _______ से ग्रसित हो ।

(1) डिस्केलकुलिया

(2) डिस्लेक्सिया

(3) डिस्ग्राफ़िया

(4) भाषाघात

116. हिंदी भाषा के विविध रूपों से परिचित कराने में ______ सर्वाधिक सहायक है ।

(1) हिंदी भाषा के समाचार–पत्र व विज्ञापन

(2) हिंदी भाषा का साहित्य व अन्य मुद्रित सामग्री

(3) हिंदी भाषा की पुस्तक व विज्ञापन

(4) हिंदी भाषा की पत्रिका, व पाठ्य पुस्तक

117. भाषा सीखने और भाषा अर्जित करने में मुख्य अंतर का आधार नहीं है –

(1) भाषाई परिवेश

(2) स्वाभाविकता

(3) सहजता

(4) व्याकरण

118. 'स्त्री को सौंदर्य का प्रतिमान बना दिया जाना ही उसका बंधन बन जाता है ।' – इस विषय पर कक्षा में चर्चा कीजिए । भाषा की पाठ्य–पुस्तक में इस प्रश्न को स्थान देने का क्या औचित्य है ?

(1) सौंदर्य–प्रतिमान बनाना ।

(2) स्त्री–बंधन की चर्चा करना ।

(3) सौंदर्य प्रसाधनों का विरोध करना ।

(4) भाषा को स्त्री विमर्श से जोड़ना ।

119. 'पाठ में ठिठियाकर हँसने लगी' जैसा वाक्य आया है । ठिठियाना शब्द में 'आना' प्रत्यय का प्रयोग हुआ है । 'आना' प्रत्यय से बनने वाले चार सार्थक शब्द लिखिए ।' – इस प्रश्न का स्वरूप ______ को पोषित करता है ।

(1) प्रत्यय का समस्त ज्ञान

(2) सूत्र शैलीय व्याकरण

(3) संदर्भ में व्याकरण

(4) पाठ्य–पुस्तकीय व्याकरण

120. उच्च प्राथमिक स्तर पर ______ परिचित कराने की प्रक्रिया पर बल दिया जाता है ।

(1) पठन प्रक्रिया से

(2) लेखन प्रक्रिया से

(3) अलंकार व छंद से

(4) साहित्यिक विधाओं से

## PART – V
## LANGUAGE – II
## ENGLISH

**IMPORTANT :** Candidates should attempt questions from **Part – V (Q. No. 121-150),** if they have opted for **ENGLISH** as **LANGUAGE – II** only.

**Directions : Read the passage given below and answer the questions (121 – 128) by selecting the correct/most appropriate options :**

**The other day I received an unusual and very gratifying gift : I was given a tree. Or rather, I was given half-a-dozen trees, which would be planted on my behalf. I had been invited to give a talk to an organisation. After such events, the speaker is usually given a token gift. Sometimes the gift is that of a pen, or something useful. Often, the gift is in the form of a plaque or similar commemorative token. However well-meant, such gifts are destined to gather dust in forgotten corners. Which is why I was agreeably surprised to be given a scroll which attested that, in a designated plantation established for the purpose, six tress would be added in my name, as part of 'green' movement being sponsored by the organization.**

**In an increasingly environmentally-conscious world, the gift of a living tree or plant makes for a perfect present. The tradition of giving and receiving gifts has increasingly become a highly evolved marketing exercise. Apart from festivals like Diwali, Holi, Christmas, Eid and others, a whole new calendar of celebratory events has been created to promote the giving of gifts : Mother's Day, Father's Day, Teacher's Day, Valentine's Day and so on and on.**

**What do you give to people – friends, relatives, spouses, children, parents, employees, clients, well-wishers who have more or less everything, or at least everything that you could afford to give them as a gift ? Another shirt or kurta ? Another bottle of scent or after-shave ? Another box of chocolates ? Another any other ?**

**121. What usually happens to the gifts he/she receives ?**

(1) He uses them if he needs them.

(2) He gives them away as gifts to others.

(3) They are put away and forgotten.

(4) He keeps them religiously as mementoes.

**122. The gift received by the writer was :**

(1) a marketing exercise

(2) environment friendly

(3) very expensive

(4) gathering dust in a corner

**123. Why do you not very much care for it when you receive a shirt or a kurta as a gift ?**

(1) The giver had to spend a lot of money.

(2) You already have so many of them.

(3) You don't like the colour.

(4) You were not asked about your choice.

**124. The word 'gratifying' means**

(1) annoying

(2) satisfying

(3) giving

(4) fortifying

**125. The word 'destined' means :**

(1) fated

(2) decided

(3) declined

(4) departed

**126. Name the part of speech of the underlined word in the following clause.**

**<u>which</u> is why I was agreeably surprised.**

(1) Preposition

(2) Adjective

(3) Pronoun

(4) Adverb

**127. Identify the part of the following sentence which has an error in it.**

<u>Your claim ought</u> (a)

<u>to succeed in that case</u> (b)

<u>the damages</u> (c)

<u>will be substantial</u> (d).

(1) (a)

(2) (b)

(3) (c)

(4) (d)

**128. The writer was thrilled when he was given**

(1) a tree

(2) six trees

(3) a plaque

(4) a pen

**Directions : Read the passage given below and answer the questions (129 – 135) by selecting the correct/most appropriate options :**

**With more then 3,000 languages currently spoken, English undoubtedly is amongst the richest of all languages. The Oxford English Dictionary lists about half a million words of which only 2,00,000 are frequently used. This is because, the balance 3,00,000 words are technical and not found in ordinary dictionaries. The only language that can come near English is Chinese.**

**Apart from being the richest language, English also boasts of being one of the most widely spoken, second only to Mandarin Chinese. This remarkable achievement is only because of the one thing that we all love to do – copy ! 'Siesta' for example is of Spanish origin. 'Sputnik' as you must be aware of, has a Russian origin. 'Restaurant' is from France and 'Super' from Germany. Even before the birth of the 'genius' of 'drama', William Shakespeare, the words 'genius' and 'drama' were adapted from Greek. Now, you must be wondering if English has anything original about it. Well, find it out ! Did you ever try to find out how many different words of English we use in our daily life ? Try to guess and then read on. A modern novelist has a vocabulary of anywhere between ten to fifteen thousand words.**

**William Shakespeare used thirty thousand words and the only writer to come close to him was James Joyce in 'Ulysses'. We normally have a vocabulary of about ten thousand words of which only five thousand are used in everyday conversation. This leads to a limited variety of words. This is because we repeat a lot of words. In conversation and in writing, it is 'the'. (Try counting it in this article and you will have proof of it.)**

**129. In our everyday conversation we use a limited number of words because :**

(1) our vocabulary is unlimited.

(2) we are not a genius like Shakespeare.

(3) everybody is not highly educated.

(4) we repeat a lot of words.

**130. How many words are <u>usually</u> used by an English speaking person ?**

(1) 3,000

(2) 5,000

(3) 10,000

(4) 15,000

**131. Which of the following words is most often used in English language ?**

(1) a

(2) the

(3) is

(4) one

**132. The word that is similar in meaning to the word, 'remarkable' is :**

(1) astonishing

(2) remedial

(3) remaining

(4) optional

**133. The word that is opposite in meaning to the word, 'ordinary' is :**

(1) usual

(2) complex

(3) special

(4) liable

**134. Which part of speech is the underlined word in the following sentence ?**

**Did you <u>ever</u> try to find out ?**

(1) Adverb

(2) Adjective

(3) Pronoun

(4) Verb

**135. English is the most widely used language in the world because :**

(1) Shakespeare has written in English.

(2) it is the richest language.

(3) it has taken words from other languages.

(4) it has half a million words in it.

**Answer the following questions (Q. Nos. 136 to 150) by selecting the most appropriate options.**

**136. Continuous Assessment focuses on**

(1) Formal assessment

(2) Informal assessment

(3) Informal and a combination of both formative and summative

(4) Outcome and achievement based assessment

**137. 'Pre-reading' activity in class is to**

(1) connect learner's previous knowledge with what she learns in the reading text.

(2) connect learners' with one another.

(3) enable learners to know about the story which they would read ahead.

(4) All of these

**138. Pedagogical Grammar is**

(1) grammar of pedagogy

(2) grammar for teachers

(3) grammar in context to connect grammar points with real life context

(4) grammar with formal rules to be applied while writing

**139. What are these words known as ?**

**– the, of, and, a, to, that, it, with, but, they, she, he**

(1) Sight words

(2) Form words

(3) Use words

(4) Unimportant words

**140. A teacher gives a puzzle to her class-VIII students and asks them to solve it by speaking out how they solve it. What is this strategy known as ?**

(1) Speaking aloud

(2) Think aloud protocol

(3) Listening

(4) Picture reading

**141. Sanskrit in India today is a**

(1) Modern Indian language

(2) Modern Indian language and a classical language

(3) Religious language

(4) Hindu language

**142. A teacher of Class-VII asked her students to read a short story and come to the class. She asks them to discuss the major points of the story in groups and present them to the whole class. What is this reading known as ?**

(1) Intensive reading

(2) Reading with a purpose

(3) Reading for thinking

(4) Extensive reading

**143. English does <u>not</u> find its place as a _________.**

(1) first language in the school curriculum

(2) second language in the school curriculum

(3) third language in the school curriculum

(4) medium of instruction

**144. Bottom-up processing in listening is to**

(1) decode messages moving from sounds to words, phrases, clauses and other grammatical elements to sentences.

(2) decode the overall messages of the discourse and move down the micro level units.

(3) encode all the sounds from speaker to listener.

(4) use multiple ways to decode the messages.

**145. What is the following strategy known as in reading ?**

**The text is read more slowly and in detail to get the gist or overall sense of the text.**

(1) Scanning

(2) Summarising

(3) Skimming

(4) Scaffolding

**146. A teacher asks her learners of class-VII to refer to the textbook of History and find a theme which can be connected with English language text for writing an essay.**

**What is this practice known as ?**

(1) Language and Social Science learning

(2) Language across the curriculum

(3) Language in learning

(4) Language and history integrated learning

**147. Multilingualism as a resource means**

(1) learning many languages in school.

(2) using the languages of learners as a strategy in school.

(3) teaching many languages.

(4) promoting of languages through content learning.

**148. Match the types of writing with their corresponding category :**

| | | | |
|---|---|---|---|
| **a.** | **Personal writing** | **i.** | **Letter of complaint** |
| **b.** | **Study writing** | **ii.** | **Diary writing** |
| **c.** | **Creative writing** | **iii.** | **Synopsis writing** |
| **d.** | **Public writing** | **iv.** | **Travelogue** |

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | iii | iv | i |
| (3) | iii | ii | i | iv |
| (4) | iv | iii | ii | i |

**149. A teacher divides her class into groups of five and allocates different themes to the groups. The groups have to collect information on the themes and write reports to be presented to the class. What is this activity known as ?**

(1) Assignment

(2) Project work

(3) Writing work

(4) Research

**150. Process approach to writing involves**

(1) Brainstorming, outlining, drafting revising, proof-reading and drafting the final writing.

(2) Brainstorming, writing the first draft and final writing.

(3) Outlining, revising and writing the final draft.

(4) Writing the first draft, revising and developing the final draft.

# भाग – V
# भाषा – II
# हिन्दी

**महत्त्वपूर्ण :** परीक्षार्थी भाग – **V (प्र.सं. 121 से 150)** के प्रश्नों के उत्तर केवल तभी दें यदि उन्होंने **भाषा – II** का विकल्प **हिन्दी** चुना हो ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्र.सं. 121 से 128 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनिए :**

आज शिक्षा के क्षेत्र में भी बाज़ारीकरण हो जाने के कारण शिक्षा महँगी और गरीबों की पहुँच से बाहर हो चुकी है । एक ओर तो रुचि और उपयोगिता के अनुसार उपयुक्त शिक्षा पाने के लिए गरीबों के पास धन उपलब्ध नहीं है, तो वहीं जो संपन्न हैं उनके पास समय का अभाव है । ऐसे में ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था एक बेहतर विकल्प के तौर पर उभरी है । पिछले वर्ष देश के गरीब और स्कूल न जा सकने वाले बच्चों के लिए सरकार की ओर से प्रभावी कदम उठाते हुए ई-शिक्षा व्यवस्था की शुरुआत करते हुए 'स्वयं डॉट जीओवी डॉट इन' वेब पोर्टल की शुरुआत की गई है । इससे बच्चे ऑनलाइन शिक्षा पा सकेंगे और उन्हें किसी भी तरह का शुल्क नहीं देना होगा । इस पोर्टल की विशेषता यह है कि इससे छात्र मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग सहित तमाम पाठ्यक्रमों की पढ़ाई घर बैठे कर सकेंगे । इससे छात्रों को घर बैठे ही सर्टिफिकेट और डिग्री भी हासिल होंगे, जो किसी भी विश्वविद्यालय में मान्य होंगे ।

ऑनलाइन एजुकेशन के प्रति लोगों का बढ़ता उत्साह देखकर कहा जा सकता है कि भारत में इसका भविष्य उज्ज्वल है । यही कारण है कि अब अधिकतर शिक्षण संस्थान इस व्यवस्था को अपना रहे हैं । पढ़ाई का बढ़ता खर्च और किसी भी प्रोफेशनल कोर्स की डिग्री प्राप्त करने के लिए कॉलेजों का चुनाव, प्रवेश परीक्षा और फिर एक साथ मोटी फीस चुकाना युवाओं की बढ़ती संख्या के लिए काफी मुश्किल साबित हो रहा है । भारत में केवल बारह प्रतिशत छात्रों को विश्वविद्यालय में प्रवेश मिलता है । ऐसे में ऑनलाइन शिक्षा देने वाली कंपनियों के लिए भारत एक बहुत बड़ा बाजार बन गया है । आज एक-दूसरे का समझने-जानने की जिज्ञासा भी लोगों में बढ़ी हुई देखी जाती है । ऐसे में किसी देश की भाषा सीखना आवश्यक हो जाता है क्योंकि भाषा सीखने से उस देश की संस्कृति तथा अन्य बातें समझी जा सकती हैं । इसीलिए भारत के प्रति भी रुचि बढ़ी है और हिंदी सीखने-सिखाने की माँग भी बढ़ी है । यह भारत के लिए, विशेषकर हिंदी भाषा के लिए शुभ संकेत है ।

**121. 'ऑनलाइन शिक्षा व्यवस्था' का तात्पर्य है**

(1) किसी भी प्रकार के शुल्क से मुक्त शिक्षा
(2) घर बैठे इंटरनेट के माध्यम से शिक्षा
(3) मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग आदि की शिक्षा
(4) गरीब और साधनहीन लोगों के लिए शिक्षा

**122. भारत के लिए शुभ-संकेत है**

(1) ऑनलाइन शिक्षा
(2) शिक्षा का बाज़ारीकरण
(3) हिंदी सीखने-सिखाने की माँग बढ़ना
(4) नि:शुल्क शिक्षा व्यवस्था

**123. भारत में ऑनलाइन शिक्षा में निरंतर रुचि बढ़ने का उपयुक्त कारण नहीं है**

(1) अधिकतर छात्रों को विश्वविद्यालयों में प्रवेश नहीं मिलता ।
(2) अधिकतर शिक्षण संस्थान ऑनलाइन व्यवस्था अपना रहे हैं ।
(3) महँगी होने के कारण पढ़ाई में खर्च बढ़ता जा रहा है ।
(4) विश्व के अनेक देशों की भारत में रुचि बढ़ रही है ।

**124. भारत ऑनलाइन शिक्षा देने वाली कंपनियों के लिए बहुत बड़ा बाज़ार बन गया है, क्योंकि**

(1) अधिकांश युवक किन्हीं कारणों से विश्वविद्यालयी शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ।
(2) आज एक-दूसरे को समझने की जिज्ञासा बढ़ी है ।
(3) ऑनलाइन शिक्षा पाने का फैशन युवक-युवतियों को आकर्षित करता है ।
(4) लोगों को कोई कष्ट उठाए बिना डिग्री मिल जाती है ।

**125. गद्यांश में प्रयुक्त निम्नलिखित वाक्य को चार भागों में बाँटा गया है जिनमें से किसी एक भाग में अशुद्धि है । अशुद्ध भाग को पहचानकर चिह्नित कीजिए ।**

आज एक दूसरे को (i) समझने–जानने की जिज्ञासा भी (ii) लोगों में बढ़ी हुई (iii) देखी जाती है । (iv)

(1) (i) (2) (ii)
(3) (iii) (4) (iv)

**126. उत्पत्ति की दृष्टि से 'ऑनलाइन' और 'शिक्षा' शब्द हैं क्रमशः**

(1) तत्सम, तद्भव (2) तद्भव, आगत
(3) आगत, तत्सम (4) तद्भव, तत्सम

**127. 'उपयोगिता' शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय क्रमशः हैं**

(1) ता, उप (2) उप, इता
(3) उ, गिता (4) उप, ता

**128. आज शिक्षा गरीबों की पहुँच से बाहर होती जा रही है । इसका कारण है :**

(1) गरीब अधिक गरीब होते जा रहे हैं ।
(2) गरीब आरक्षण का लाभ नहीं उठा पाते ।
(3) उपयुक्त व्यवस्था का सरकारीकरण हो गया है ।
(4) बाज़ारीकरण के कारण शिक्षा महँगी हो गई है ।

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न संख्या 129 से 135 तक) के सबसे उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चिह्नित कीजिए :**

हमारे व्यावहारिक अथवा वास्तविक जीवन में भी यही सिद्धांत काम करता है कि हम समाज अथवा लोगों को जो देते हैं वही हमारे पास लौटकर आता है । हम लोगों से प्यार करते हैं तो लोग भी हमें प्यार करते हैं लेकिन यदि हम लोगों से घृणा करते हैं तो वे भी हमसे घृणा ही करेंगे इसमें संदेह नहीं । यदि हम सबके साथ सहयोग करते हैं अथवा ईमानदार बने रहते हैं तो दूसरे भी हमारे प्रति सहयोगात्मक और ईमानदार हो जाते हैं । इसे आकर्षण का नियम कहा गया है । हम जैसा स्वभाव विकसित कर लेते हैं वैसी ही चीजें हमारी ओर आकर्षित होती हैं । गंदगी मक्खी को आकर्षित करती है तो फूल तितली को आकर्षित करते हैं । यदि हम स्वयं को फूल जैसा सुंदर, सुवासित, मसृण व रंगीन अर्थात् सुंदर गुणों से युक्त बना लेंगे तो स्वाभाविक है कि समाज के सुंदर गुणी व्यक्ति हमारी ओर आकर्षित होंगे ही ।

यदि हम चाहते हैं कि हमारे संपर्क में केवल अच्छे लोग ही आएँ तो हमें स्वयं को उनके अनुरूप बनाना होगा – दुर्गुणों में नहीं, सद्गुणों में । अपने व्यवहार को व्यवस्थित व आदतों को अच्छा करना होगा । अपनी वाणी को कोमल व मधुर बनाना होगा । केवल मात्र बाहर से नहीं, मन की गहराइयों में स्वयं को सुंदर बनाना होगा । यदि हम बाहरी रूप–स्वरूप से नहीं, वरन मन से सुंदर बन पाते हैं तो विचार और कर्म स्वयं सुंदर हो जाएँगे । जीवन रूपी सितार ठीक बजने लगेगा । जीवन के प्रति सत्यम्, शिवम् और सुंदरम् का आकर्षण बढ़ने लगेगा ।

**129. फूल और तितली का उदाहरण देकर लेखक सिद्ध करना चाहता है कि**

(1) तितली फूलों की ओर ही आकर्षित होती है ।
(2) हमें जीवन को तितली जैसा बनाना चाहिए ।
(3) भले लोगों को फूल और तितलियाँ प्रिय होते हैं ।
(4) गुणी जनों को गुणवान ही आकर्षित करते हैं ।

**130. अनुच्छेद के निम्नलिखित वाक्य को चार भागों में बाँटा गया है जिनमें एक भाग में अशुद्धि है । उस भाग को पहचानिए :**

"केवल मात्र बाहर से नहीं, (i) मन की गहराइयों में (ii) स्वयं को सुंदर (iii) बनाना होगा ।" (iv)

(1) (i) (2) (ii)
(3) (iii) (4) (iv)

**131. अपने व्यवहार को व्यवस्थित और आदतों को अच्छा करने से क्या होगा ?**

(1) जीवन सुखी और संपन्न हो जाएगा ।
(2) अच्छे लोग ही हमारे संपर्क में आएँगे ।
(3) वाणी कोमल और मधुर हो जाएगी ।
(4) दुर्गुण सद्गुणों में बदल जाएँगे ।

132. हमारे व्यवहार और कार्य स्वयं ठीक हो जाएँगे यदि हम
(1) वीणा और वाणी से मधुर स्वर निकालें ।
(2) सुखी जीवन व्यतीत करें ।
(3) सबसे अच्छा व्यवहार करें ।
(4) बाहर से ही नहीं, भीतर से भी अच्छे बनें ।

133. लेखक द्वारा 'आकर्षण का नियम' किसे कहा गया है ?
(1) चुंबक लोहे को आकर्षित करता है ।
(2) फूल गुणवानों को आकर्षित करते हैं ।
(3) अच्छा-बुरा स्वभाव वैसे ही लोगों को आकर्षित करता है ।
(4) गंदगी मक्खियों को आकर्षित करती है ।

134. फूल के लिए कौन-सा विशेषण अनुपयुक्त है ?
(1) सुवासित (2) रंगीन
(3) मसृण (4) आकर्षित

135. निम्नलिखित शब्द-युग्मों में उस युग्म को पहचानिए जो शेष से भिन्न हो :
(1) रूप-स्वरूप (2) सद्गुण-दुर्गुण
(3) आकर्षण-विकर्षण (4) सुंदर-असुंदर

(प्र.सं. 136 से 150) निम्नलिखित प्रश्नों का उत्तर सर्वाधिक उपयुक्त (सही) विकल्प का चुनाव करके दीजिए :

136. उच्च प्राथमिक स्तर पर पाठ्य-पुस्तक में दिए गए विभिन्न साहित्यिक विधाओं के पाठ बच्चों को
(1) हिंदी भाषा की विभिन्न रंगतों से परिचित कराते हैं ।
(2) हिंदी भाषा के प्रसिद्ध रचनाकारों से परिचित कराते हैं ।
(3) हिंदी भाषा में साहित्य-सृजन के लिए प्रेरित करते हैं ।
(4) दर्शाए सभी विकल्प

137. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषा-शिक्षण का उद्देश्य नहीं है
(1) सरसरी तौर पर किसी पाठ को देखकर उसकी विषय-वस्तु का पता करना ।
(2) निजी अनुभवों के आधार पर भाषा का सृजनशील इस्तेमाल करना ।
(3) भाषा की बारीकी और सौंदर्यबोध के लिए हिंदी भाषा का व्याकरण कंठस्थ करना ।
(4) विभिन्न साहित्यिक विधाओं और ज्ञान से संबंधित अन्य विषयों की समझ का विकास करना ।

138. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषा सीखने में सबसे कम सहायक है
(1) समृद्ध भाषा-परिवेश की उपलब्धता
(2) पाठ्य-पुस्तकों का प्रयोग
(3) संचार-माध्यमों का प्रयोग
(4) अन्य विषयों की कक्षाओं में भाषा पर ध्यान देना

139. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों के लिए साहित्य का चयन करते समय आप किस बात का सर्वाधिक ध्यान रखेंगे ?
(1) रचनाकार की प्रसिद्धि
(2) रचनाओं की लंबाई
(3) बच्चों का स्तर और रुचि
(4) सरल भाषा

140. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों के भाषा-आकलन में सर्वाधिक प्रभावी प्रश्न है
(1) रूप बदलकर बादल किसान के कौन-से सपनों को साकार करेगा ?
(2) बादलों के घिर आने पर कवि किसान को उठने के लिए क्यों कहता है ?
(3) जब हरा खेत लहराएगा तो क्या होगा ?
(4) तुम भी अपने ढंग से 'तनिक' शब्द का इस्तेमाल करते हुए पाँच वाक्य बनाओ ।

141. 'अपनी मातृभाषा में 'किसान' पर लिखी गई कविता को अपने मित्रों व शिक्षक को सुनाओ ।' हिंदी भाषा की पाठ्य-पुस्तक में यह प्रश्न –
(1) कक्षा में मनोरंजन का साधन है ।
(2) कक्षा में बच्चों को गीत गाने का अवसर देता है ।
(3) कक्षा के बहुभाषिक संदर्भ को पोषित करता है ।
(4) कक्षा में समय के सदुपयोग का उत्कृष्ट उदाहरण है ।

142. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों के भाषा-प्रयोग का आकलन करने में सबसे कम प्रभावी है
(1) पोर्टफोलियो (2) अवलोकन
(3) बातचीत (4) जाँच सूची

143. राधिका सातवीं कक्षा में पढ़ाती हैं । वे बच्चों को नाम संबंधी कुछ उदाहरण देती हैं फिर 'संज्ञा' के बारे में समझाती हैं । राधिका द्वारा प्रयुक्त विधि है
(1) निगमन विधि
(2) आगमन विधि
(3) सूत्र विधि
(4) भाषा-संसर्ग विधि

144. आठवीं कक्षा में पढ़ाने वाले अली अकसर बच्चों के गलत शब्दों के नीचे शब्द का ठीक रूप लिखकर दोनों में अंतर करने के लिए कहते हैं । इसका मुख्य उद्देश्य है –
(1) बच्चों को उनकी गलती का अनुभव कराना ।
(2) शब्दों की सही वर्तनी की जानकारी देना ।
(3) अवलोकन द्वारा सही वर्तनी की ओर ध्यान आकृष्ट करना ।
(4) आकलन को लचीला और सुविधापूर्ण बताना ।

145. उच्च प्राथमिक स्तर पर बच्चों की लिखित अभिव्यक्ति का विकास करने में सबसे कम सहायक है
(1) कविता की अधूरी पंक्तियों को देखकर पूरा करो ।
(2) अपने बचपन की कोई ऐसी घटना लिखो जब शरारत करने पर डाँट पड़ी हो ।
(3) अगर तुम्हारे घर के किसी कोने में चिड़िया अपना घोंसला बना ले तो तुम क्या करोगे ?
(4) 'नादान दोस्त' कहानी का अंत परिवर्तित करते हुए कहानी को अपने शब्दों में लिखो ।

146. बच्चों में पढ़ने-लिखने की कुशलता के विकास में सर्वाधिक सहायक है
(1) सुलेख का कार्य ।
(2) श्रुतलेख का कार्य ।
(3) कहानी पढ़कर सवाल बनाना ।
(4) 'प्रदूषण' पर निबंध लिखना ।

147. कक्षा का बहुभाषिक संदर्भ यह माँग करता है कि
(1) बच्चों की मातृभाषा को कक्षा में स्थान दिया जाए ।
(2) बच्चों की मातृभाषा को ही पढ़ाया जाए ।
(3) बच्चों को चार-चार भाषाएँ पढ़ाई जाएँ ।
(4) बच्चों का भाषा-आकलन बिलकुल न हो ।

148. उच्च प्राथमिक स्तर पर हिंदी भाषा शिक्षण का एक महत्त्वपूर्ण उद्देश्य है
(1) बोलने की क्षमता के अनुरूप लिखने की क्षमता का विकास ।
(2) हिंदी के व्याकरणिक बिंदुओं को कंठस्थ करना ।
(3) हिंदी भाषा के विविध स्वरूपों की जानकारी देना ।
(4) हिंदी भाषा में अनूदित सामग्री को पढ़ना ।

149. उच्च प्राथमिक स्तर पर मुहावरे और लोकोक्तियों के शिक्षण के संदर्भ में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण है
(1) उनकी परिभाषा याद करना ।
(2) उनके अर्थ जानना ।
(3) उनका क्रम याद रखना ।
(4) संदर्भानुसार उनका प्रयोग करना ।

150. 'कक्षा के बहुभाषिक और बहुसांस्कृतिक संदर्भों के प्रति संवेदनशीलता का विकास करना' –
(1) भाषा-नीति की जटिल समस्या है ।
(2) हिंदी भाषा-शिक्षण के प्रति अरुचि का कारण है ।
(3) हिंदी भाषा शिक्षण में एक जटिल समस्या है ।
(4) हिंदी भाषा शिक्षण का एक मुख्य उद्देश्य है ।

**SPACE FOR ROUGH WORK**
**रफ कार्य के लिए जगह**

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. जिस प्रकार से विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिए जाने हैं उसका वर्णन परीक्षा पुस्तिका में किया गया है, जिसे आप प्रश्नों का उत्तर देने से पहले ध्यान से पढ़ लें ।
2. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए OMR उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर केवल एक वृत्त को ही पूरी तरह **नीले/काले बॉल पॉइन्ट पेन** से भरें । एक बार उत्तर अंकित करने के बाद उसे बदला नहीं जा सकता है ।
3. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें कि इस उत्तर पत्र को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ । परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर-पत्र में निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें ।
4. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्र के संकेत या संख्या में भिन्नता की स्थिति को छोड़कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका उपलब्ध नहीं करायी जाएगी ।
5. परीक्षा पुस्तिका / उत्तर पत्र में दिए गए परीक्षा पुस्तिका संकेत व संख्या को परीक्षार्थी सही तरीके से हाज़िरी-पत्र में लिखें ।
6. OMR उत्तर पत्र में कोडित जानकारी को एक मशीन पढ़ेगी । इसलिए कोई भी सूचना अधूरी न छोड़ें और यह प्रवेश-पत्र में दी गई सूचना से भिन्न नहीं होनी चाहिए ।
7. परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा हॉल/कक्ष में प्रवेश-पत्र के सिवाय किसी प्रकार की पाठ्य-सामग्री, मुद्रित या हस्तलिखित, कागज़ की पर्चियाँ, पेजर, मोबाइल फोन, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण या किसी अन्य प्रकार की सामग्री को ले जाने या उपयोग करने की अनुमति नहीं है ।
8. मोबाइल फोन, बेतार संचार युक्तियाँ (स्वीच ऑफ अवस्था में भी) और अन्य प्रतिबंधित वस्तुएँ परीक्षा हॉल/कक्ष में नहीं लाई जानी चाहिए । इस सूचना का पालन न होने पर इसे परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग माना जाएगा और उनके विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी, परीक्षा रद्द करने सहित ।
9. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, निरीक्षक को अपना प्रवेश-पत्र दिखाएँ ।
10. केन्द्र अधीक्षक या निरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़ें ।
11. कार्यरत निरीक्षक को अपना उत्तर पत्र दिए बिना एवं हाज़िरी-पत्र पर दुबारा हस्ताक्षर किए बिना परीक्षार्थी परीक्षा हॉल/कक्ष नहीं छोड़ेंगे । यदि किसी परीक्षार्थी ने दूसरी बार हाज़िरी-पत्र पर हस्ताक्षर नहीं किए, तो यह माना जाएगा कि उसने उत्तर पत्र नहीं लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा । **परीक्षार्थी अपने बाएँ हाथ के अंगूठे का निशान हाज़िरी-पत्र में दिए गए स्थान पर अवश्य लगाएँ ।**
12. इलेक्ट्रॉनिक / हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है ।
13. परीक्षा हॉल/कक्ष में आचरण के लिए परीक्षार्थी परीक्षण संस्था के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित हैं । अनुचित साधनों के सभी मामलों का फैसला परीक्षण संस्था के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा ।
14. किसी हालत में परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र का कोई भाग अलग न करें ।
15. **परीक्षा सम्पन्न होने पर, परीक्षार्थी हॉल / कक्ष छोड़ने से पूर्व उत्तर पत्र निरीक्षक को अवश्य सौंप दें । परीक्षार्थी अपने साथ इस परीक्षा पुस्तिका को ले जा सकते हैं ।**

**READ THE FOLLOWING INSTRUCTIONS CAREFULLY:**

1. The manner in which the different questions are to be answered has been explained in the Test Booklet which you should read carefully before actually answering the questions.
2. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with **Blue/Black Ball Point Pen** on **Side-2** of the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed.
3. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
4. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet Code or Number and Answer Sheet Code or Number), another set will be provided.
5. The candidates will write the correct Test Booklet Code and Number as given in the Test Booklet / Answer Sheet in the Attendance Sheet.
6. A machine will read the coded information in the OMR Answer Sheet. Hence, no information should be left incomplete and it should not be different from the information given in the Admit Card.
7. Candidates are not allowed to carry any textual material, printed or written, bits of papers, pager, mobile phone, electronic device or any other material except the Admit Card inside the examination hall/ room.
8. Mobile phones, wireless communication devices (even in switched off mode) and the other banned items should not be brought in the examination halls/ rooms. Failing to comply with this instruction, it will be considered as using unfair means in the examination and action will be taken against them including cancellation of examination.
9. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator.
10. No candidate, without special permission of the Centre Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
11. The candidates should not leave the Examination Hall/ Room without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty and sign the Attendance Sheet twice. Cases where candidate has not signed the Attendance Sheet second time will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case. **The candidates are also required to put their left hand THUMB impression in the space provided in the Attendance Sheet.**
12. Use of Electronic / Manual Calculator is prohibited.
13. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Examining Body with regard to their conduct in the Examination Hall/Room. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Examining Body.
14. No part of the Test Booklet and Answer Sheet shall be detached under any circumstances.
15. **On completion of the test, the candidate must hand over the Answer Sheet to the Invigilator in the Hall / Room.** ***The candidates are allowed to take away this Test Booklet with them.***